

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 186 | ग्वालियर, शुक्रवार, 28 अप्रैल 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


# सूडान से 246 लोगों को लेकर मुंबई पहुंचा एयर फोर्स का विमान, भावुक महिला बोलीं- पीएम मोदी जिएं हजारों साल

सूडान से 246 लोगों को लेकर मुंबई पहुंचा एयर फोर्स का विमान, भावुक महिला बोलीं- पीएम मोदी जिएं हजारों साल संकटग्रस्त सूडान में फंसे भारतीयों को निकालने के लिए ऑपरेशन कावेरी जारी है. इसी बीच गुरुवार (27 अप्रैल) को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया कि वायुसेना की एक फ्लाइट सूडान से 246 हिंदुस्तानी नागरिकों को लेकर मुंबई पहुंची. इस लेकर कई यात्रियों ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की. गृहयुद्ध से जूझ रहे सूडान में सेना और अर्धसैनिक बल आरसीएफ के बीच आए दिन संघर्ष तेज होता जा रहा है. सूडान से भारत लौटी एक बुजुर्ग महिला यात्री ने भावुक होते हुए कहा, ÷भारत देश महान है. पीएम मोदी हजार साल जिएं.÷ वहीं एक और हिंदुस्तानी निशा मेहता ने भी पीएम मोदी का शुक्रिया किया. उन्होंने कहा कि हम अपने देश में लौटकर बहुत खुश है. वहीं दूसरी तरफ देश लौटे एक और शख्स अवतार सिंह ने कहा कि हिंदुस्तान वापस लौटकर उन्हें बेहद खुशी हो रही हैं. भारतीय वायुसेना के दो परिवहन विमानों के जरिए सूडान से 256 भारतीयों को इससे पहले निकाला गया था. नौसेना के जहाज आईएनएस



सुमेधा के माध्यम से भी 278 हिंदुस्तानियों को निकाला गया था.

इसके अनुसार, सूडान से अब तक निकाले गए भारतीय नागरिकों की संख्या 780 हो गई. केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन ने फ्लाइट के मुंबई के लिए रवाना होने से कुछ मिनट पहले ट्वीट किया, ''जेद्दाह से भारतीयों को तेजी से स्वदेश वापस लाने के हमारे प्रयास रंग ला रहे हैं. आईएएफ सी17 ग्लोबमास्टर से 246 भारतीय जल्द ही मुंबई पहुंचेंगे.सूडान में सेना और अर्धसैनिक बल के बीच शक्ति संघर्ष जारी है. पिछले कई दिनों से जारी लड़ाई में 400 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है. दोनों पक्षों के 72 घंटे के संघर्ष विराम पर सहमत होने के बाद भारत ने वहां फंसे अपने नागरिकों को बाहर निकालने के प्रयास तेज कर दिए थे. इसके बाद ऑपरेशन कावेरी शुरू किया गया था, लेकिन संघर्ष विराम के दौरान भी वहां हिंसा जारी रही. बता दें कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मसले पर हाईलेवल मीटिंग बुलाई थी. इसमें उन्होंने सूडान से 3000 से अधिक भारतीयों को सुरक्षित रूप से निकालने के लिए आपातकालीन तैयारी के निर्देश दिए थे. इससे पहले एस. जयशंकर ने भारतीयों को सुरक्षित निकालने को लेकर सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और मिस्र के अपने समकक्षों से बात की थी.

## ये पीएम मोदी के लिए नहीं था, मैंने. मल्लिकार्जुन खरगे ने जहरीले सांप वाले बयान पर दी सफाई



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जहरीले सांप वाले बयान पर सफाई दी है. उन्होंने गुरुवार (27 अप्रैल) को कालाबुरागी में रैली के दौरान कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी जहरीले सांप की तरह है, आप सोचेंगे कि ये जहर है या नहीं, यदि आप इसे चखेंगे, तो आपकी मौत हो जाएगी. अब उन्होंने कहा कि मैं निजी टिप्पणी नहीं करता, मैंने बीजेपी को सांप जैसा बताया. मेरा बयान उनकी विचारधारा के संदर्भ में था.कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि ये बयान पीएम मोदी के लिए नहीं था, मेरा मतलब था कि बीजेपी की विचारधारा सांप की तरहहै. मैंने पीएम मोदी के लिए व्यक्तिगत रूप से ये कभी नहीं कहा, मैंने कहा कि उनकी विचारधारा सांप की तरह है और अगर आप इसे छूने की कोशिश करते हैं, तो आपकी मृत्यु निश्चित है. खरगे ने कहा कि मैंने प्रधानमंत्री मोदी और आरएसएस की विचारधारा के बारे में कुछ कहा, मेरा विचार उनकी विचारधारा को लेकर है. बीजेपी की विचारधारा विभाजनकारी, वैमनस्यपूर्ण और गरीबों व दलितों के प्रति नफरत व पूर्वाग्रह से भरी है. मैंने इसी नफरत व द्वेष की राजनीति की चर्चा की. मेरा बयान न व्यक्तिगत तौर से प्रधानमंत्री मोदी जी के लिए था ना किसी और व्यक्ति विशेष के लिए. जिस विचारधारा का वो प्रतिनिधित्व करते हैं, उसके लिए था. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के साथ हमारी लड़ाई निजी लड़ाई नहीं है, वैचारिक लड़ाई है. मेरा इरादा किसी की भावना आहत करने का नहीं था और अगर जाने अनजाने में किसी की भावना आहत हुई तो ये मेरी मंशा कदापि नहीं थी, और न ही यह मेरे लम्बे राजनीतिक जीवन का आचरण है. मैंने सदा दोस्तों व विरोधियों के प्रति राजनीतिक शुचिता की मर्यादाओं और परंपराओं को निभाया है और जीवन के आखिरी सांस तक निभाऊंगा. मैं बड़े पदों पर बैठे लोगों की तरह व्यक्तियों और उनकी तकलीफों का मजाक नहीं उड़ाता क्योंकि मैंने गरीबों व दलितों का दुख दर्द देखा भी है और सहा भी है.मल्लिकार्जुन खरगे के इस बयान के बाद बीजेपी नेताओं ने कांग्रेस पर हमला शुरू कर दिया है.

## शरद पवार का राजनीति में भूचाल लाने वाला बयान, रोटी पलटने का वक्त आ गया है, देरी नहीं होनी चाहिए, नहीं पलटी तो...



महाराष्ट्र में जारी राजनीतिक हलचल के बीच एनसीपी के प्रमुख शरद पवार ने कहा है कि रोटी पलटने का समय आ गया है. उन्होंने मुंबई के युवा मंथन कार्यक्रम में कहा, %%किसी ने मुझे कहा कि रोटी सही समय पर पलटनी होती है और अगर सही समय पर नहीं पलटी तो वो क?वी हो जाती है. अब सही समय आ गया है रोटी पलटने का, उसमें देरी नहीं होनी चाहिए. इस बारे में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को आग्रह करूंगा की वो इस पर काम करें.पूर्व मुख्यमंत्री शरद पवार का ये बयान ऐसे समय आया जब उनके भतीजे और एनसीपी नेता अजित पवार के अगले राजनीतिक कदम को लेकर कई अटकलें लगाई जा रही है. दावा किया जा रहा है कि वह बीजेपी के साथ हाथ मिला सकते हैं. हालांकि इन दावों को अजित पवार और शरद पवार खारिज करते रहे हैं.हाल ही में अजित पवार एनसीपी की बैठक में भी शामिल नहीं हुए थे. इसपर उन्होंने कहा, ''मेरे बारे में कई तरह की अटकलें लगाई गईं और अफवाहें फैलाई गईं. बिना किसी कारण के मेरे चारों ओर संदेह का घेरा बना दिया गया

## जगदीश शेट्टार और लक्ष्मण सावदी को हराने के लिए बीजेपी ने शुरू किया मिशन, बनाई खास रणनीति

कर्नाटक की सत्ता में बैठी बीजेपी को इस बार के विधानसभा चुनावों में अजीब सी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है. अलग-अलग कारणों से पार्टी के 10 बड़े नेता विरोधी दलों में शामिल हो गए हैं. इसके साथ ही ये कई सीटों पर बीजेपी के उम्मीदवारों को चुनौती दे रहे हैं. पार्टी अच्छी तरह से जानती है कि बहुमत हासिल करने के लिए इन सीटों पर जीतना कितना महत्वपूर्ण है, इसी वजह से दल-बदलू नेताओं को हराने के लिए पार्टी नेतृत्व ने एक खास रणनीति तैयार की है.टीओआई के मुताबिक, मंगलवार (25 अप्रैल) को बीजेपी के चुनावी रणनीतिकार और गृह मंत्री अमित शाह ने एक बैठक बुलाई. इसमें खास रणनीति तैयार की गई. मीटिंग में शाह का हुबली-धारवाड़ सेंट्रल सीट पर खास जोर रहा, क्योंकि इसी सीट से राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए दिग्गज नेता जगदीश शेट्टार चुनाव लड़ रहे हैं. यहां से बीजेपी ने महेश कुमाथल्ली



को अपना प्रत्याशी बनाया है.बीजेपी चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्य चलवाडी नारायणस्वामी के मुताबिक, पार्टी का ध्यान इन सीटों को जीतने का है न कि अलग हो चुके पुराने साथियों को हराने पर. हुबली में अपने दौरे के दौरान गृह मंत्री शाह ने उत्तरी कर्नाटक के धारवाड़, बेलगावी और अन्य जिलों में अभियान में शामिल पदाधिकारियों से मुलाकात की. इन इलाकों में जमीनी तौर पर पहले से सक्रिय टीम के अलावा अन्य सदस्यों की भी तैनाती की जाएगी. इसके साथ ही पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ज्यादा से ज्यादा रैलियां और रोड शो आयोजित करने का फैसला लिया है.धारवाड़ लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी को जिले की विधानसभा सीटों की जिम्मेदारी दी गई है. वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने खुद ही इन सीटों पर जीत की जिम्मेदारी ली हुई है खासकर हुबली-धारवाड़ सेंट्रल सीट. उन्होंने कहा था, ÷शेट्टार ने विश्वासघात किया, क्योंकि बीजेपी में उन्हें सभी विशेषाधिकार मिले हुए थे. उनकी विधानसभा के लोग उन्हें कभी माफ नहीं करेंगे.

## आबकारी नीति केस में कोर्ट ने सीवीआई से पूछा- क्या जांच पूरी नहीं हुई? मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ाई

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने आबकारी नीति मामले में सीबीआई से जुड़े केस में दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 12 मई तक बढ़ा दी है. सीबीआई वाले मामले में न्यायिक हिरासत की समाप्ति पर मनीष सिसोदिया को गुरुवार (27 गुरुवार) को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया.सुनवाई के दौरान सिसोदिया के वकील ने कहा कि सीबीआई को बताना चाहिए कि मामले की जांच पूरी हुई है कि नहीं, सीबीआई ने मुझे (सिसोदिया को) षड्यंत्रकारी बताया है. इसपर कोर्ट ने सीबीआई से पूछा कि क्या जांच पूरी हुई है या नहीं.



सीबीआई ने कहा कि पूरी हो गई हैसीबीआई शराब नीति में हुई कथित अनियमितता को लेकर जांच कर रही है. सीबीआई ने इसी मामले में 26 फरवरी को मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किया था. केंद्रीय जांच एजेंसी ने बीते मंगलवार (25 अप्रैल) को ही राउज एवेन्यू कोर्ट में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की थी. जिसमें पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को आरोपी बनाया गया. ये पहली बार था जब किसी चार्जशीट में सिसोदिया को नामजद किया गया. कोर्ट ने इस आरोप पत्र पर विचार करने के लिए 12 मई की तारीख तय की थी. सीबीआई ने दलील दी थ

## जम्मू में हुए आतंकी हमले में ओवर ग्राउंड वर्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

, जम्मू के पुंछ में बीते गुरुवार हुए आतंकी हमले में सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी मिली है. सुरक्षा एजेंसी ने जम्मू के पुंछ के मेंढर इलाके से एक ओवर ग्राउंड वर्कर को गिरफ्तार किया है जिसने इस हमले में शामिल आतंकियों को पिछले 2 महीने से पनाह दे रखी थी.बीते गुरुवार को जम्मू के पुंछ में हुए आतंकी हमले में सुरक्षा एजेंसीयों ने जम्मू के पुंछ जिले के मेंढर इलाके से नसीर अहमद को गिरफ्तार किया है.

## ये दूसरी बार कृष्णैया की हत्या.., आनंद मोहन की रिहाई को लेकर बिहार सरकार पर बरसे ओवैसी



चीफ और सांसद असदुद्दीन ओवैसीने बिहार के पूर्व सांसद आनंद मोहन की रिहाई को लेकर बड़ा बयान जारी किया है. उन्होंने कहा कि ये दूसरी बार कृष्णैया की हत्या है. इस मामले में बिहार की आईएएस असोसिएशन चुप है. उन्होंने पूछा कि क्या उस समय लालू यादव की सरकार नहीं थी क्या उन्होंने उनकी पत्नी से मुलाक़ात नहीं की थी. अब कौन सा आईएएस अधिकारी बिहार में जान जोखिम में डालेगा. असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि 5 दिसंबर 1994 को एक दलित आईएएस की हत्या की गई, जब वह महज 37 साल का था. उन्होंने कहा कि आखिर अब कौन सा आईएएस अधिकारी बिहार में जान जोखिम में डालेगा. कृष्णैया ने मजदूरी कर पढ़ाई की थी. उन्होंने कहा कि वह कृष्णैया के परिवार के साथ हैं और ये भी उम्मीद करते हैं कि एक बार फिर इस मामले को लेकर सोचा जाएगा. दरअसल, बिहार सरकार को जेल नियमावली में बदलाव करने और गैंगस्टर से राजनेता बने आनंद मोहन की रिहाई का रास्ता साफ करने के लिए आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है.

# 5 चुनाव हारने के बाद मायावती ने बदली रणनीति ; नई सोशल इंजीनियरिंग में ब्राह्मणों की जगह मुसलमान क्यों?

उत्तर प्रदेश में आने वाले 4 और 11 मई को निकाय चुनाव के लिए मतदान होने वाला है. 13 मई को नतीजे भी आ जाएंगे. इस निकाय चुनाव के प्रचार के दौरान एक तरफ जहां भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पूरी कोशिश कर रही है कि वह ज्यादा से ज्यादा शहरों में जीत हासिल कर सके. वहीं दूसरी तरफ विपक्षी पार्टियां जैसे, सपा और बीएसपी ने भी जनता को लुभाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है. उत्तर प्रदेश में साल 2012 में हुए विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद बहुजन समाजवादी पार्टी को बहुत नुकसान उठाना पड़ा था. यही कारण है कि मायावती अब निकाय चुनाव और साल 2024 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले नए-नए प्रयोग कर रही हैं. मेयर पद के लिए उम्मीदवारों की लिस्ट देख कर ये साफ समझ आ रहा है कि मायावती की पार्टी बीएसपी ने निकाय चुनाव के दौरान मुस्लिमों को साधने के लिए नया दांव चला है.बहुजन समाजवादी पार्टी ने आरक्षित सीटों पर ओबीसी के लिए भी मुस्लिम चेहरों को चुनावी मैदान में उतारा है. उतारे गए 17 उम्मीदवारों में 11 उम्मीदवारे मुस्लिम है और अन्य जो 6 हिंदू उम्मीदवार है, उनमें से तीन अन्य पिछड़ा वर्ग यानी ओबीसी हैं और तो वही दो उम्मीदवार अनुसूचित जाति यानी एससी हैं.बहुजन समाजवादी पार्टी ने चुनाव के दौरान सबसे पहला प्रयोग साल 2007 में किया था. इससे पहले बीएसपी डी-4 के सहारे



राजनीति करती थी. इसका नारा था %ठाकुर, ब्राह्मण, बनिया छोड़, बाकी सब हैं डीएस-4%. लेकिन 2007 के विधानसभा चुनाव में बीएसपी ने जब ब्राह्मणों को टिकट दिया था. तो उनकी सोशल इंजीनियरिंग हिट रही. इस प्रयोग ने पार्टी की इमेज बदली और कुछ हद तक वह बहुजनों की बजाय सर्वजन की पार्टी के रूप में पेश होने सफल भी रही थीं. उस साल हुए विधानसभा चुनाव में बहुजन समाजवादी पार्टी ने पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाई लेकिन साल 2012 के विधानसभा चुनाव में एक बार फिर इस पार्टी का ग्राफ तेजी से गिरता चला गया. आज इस पार्टी की हालत ये है कि यूपी में यह सिर्फ एक विधायक वाली पार्टी बनकर रह गई है.पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान बीएसपी के चुनावी अभियान की बागडोर एक तरह से सतीश मिश्र के हाथ में थी. बीएसपी के चुनाव प्रचार करने के लिए सतीश मिश्र का पूरा परिवार मैदान में उतरा हुआ था लेकिन परिणाम उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा. पिछले विधानसभा चुनाव में मायावती की बीएसपी को सिर्फ एक सीट पर ही जीत मिल सकी. मायावती ने इसके बाद से ब्राह्मण नेताओं से दूरी बनानी शुरू कर दी थी. इसके बाद मई में उत्तर प्रदेश की दो लोकसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के लिए बीएसपी ने 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की, लेकिन उस लिस्ट में सतीश चंद्र मिश्र को जगह नहीं दी गई थी. सतीश चंद्र मिश्र गुजरात चुनाव और दिल्ली एमसीडी से भी दूर ही नजर आए. इससे बहुत हद तक ये तो साफ है कि मायावती किस रणनीति पर काम कर रहीं हैं.दरअसल, सतीश चंद्र मिश्र न सिर्फ मायावती के करीबी में बल्कि वह उनके पुराने सहयोगी भी रहे हैं. सतीश चंद्र मिश्र ने मुश्किल दौर में भी मायावती का साथ नहीं छोड़ा. पहली बार सतीश मिश्र साल 2002 में बीजेपी के सहयोग से बनी बसपा सरकार में एडवोकेट जनरल बने थे. उसके बाद साल 2003 में सरकार गिर गई लेकिन सतीश मिश्र मायावती के साथ बने रहें. पहले वह मायावती को मुकदमों में सलाह देते थे लेकिन धीरे धीरे दोनों के रिश्ते बेहतर होते गए और वह पार्टी में रणनीतिकार बन गए.

## गोपालपुर थाना प्रभारी कुसुम गोयल ने नाबालिक बालिका को किया 24 घण्डे मे दस्तयाब



अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी-** पुलिस अधीक्षक महोदय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं श्रीमान स.ष्ठ.ह्.क्कपोहरी के निर्देशन मे नाबालिक बालक बालिकाओ की दस्तयाबी हेतु अभियान चलाया जा रहा है । दिनांक 26/04/2023 को फरियादिया फूलवती पत्नि रामनिवास मोंगिया उम्र 40 साल निवासी शिकारीपुरा ग्राम गोपालपुर थाना गोपालपुर द्वारा थाना गोपारपुर पर रिपोर्ट की गयी रिपोर्ट पर से अपराध 14/23 धारा 363 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया । विवेचना के दौरान अपृहता की तलाश टीम बनाकर संभावित स्थानो पर की गया जो अपृहता को 24 घण्टे के भीतर दस्तयाब कर माता - पिता के सुपुर्द किया गया । संपूर्ण कार्यवाही में थाना गोपालपुर से थाना प्रभारी कुसुम गोयल एवं उनकी टीम प्र.आर. अशोक जादौन ,प्र.आर.धनश्याम धाकड,आर. प्रशांत गुर्जर ,आर.धर्मेन्द्र शर्मा ,आर. अभिमन्यु यादव, आर. राहुल आर.चालक मोहित शर्मा की सराहनीय भूमिका रही ।

### झिरी पंचायत में गहराया पानी का जल संकट

## ग्राम पंचायत झिरी में शासकीय 4 बोर होने के बाबजूद भी

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी-** पोहरी विकासखंड के अंतर्गत आने ग्राम झिरी मैं नही मिल रहा लीगो को पीने का पानी लेकिन कोई भी अधिकारी और नेता लोगो ने आज तक इस ओर ध्यान नहीं दिया लोग रातों में दो-दो किलोमीटर से पानी लाने को मजबूरचारों पानी के बोर बंद पड़े हैं किसी में मोटर नहीं है तो किसी में केवल नहीं है किसी में पाइप खराब पड़े है जब सरपंच से बोर सही कराने की बोलते हैं तो सरपंच पप्पी आदिवासी बोलती है सचिव से बात करो जब सचिव नारायण जाटव से बात करते हैं तो सचिव कहता है सरपंच से बात करो और जनता जब अपने वार्ड पंचों से कोई काम की कहती है तो वार्ड पंच जब काम की सरपंच से कहता है तो सरपंच कहती है तुम पंच होते कौन हो कौन सा काम मुझे करना है कौन सा नहीं यह मेरी मर्जी है ग्राम पंचायत झिरी में चारों तरफ गंदगी



का फैली हुई है कोई नहीं है ग्राम वासियों की सुनने वाला झिरी सरपंच बस सचिव की शिकायत करने में व्यस्त है झिरी पंचायत में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है सीसी रोड डाली गई है वह भी घटिया निर्माण कराया गया है और कंटूरटंच निर्माण कार्य पहाड़ी पर 9.91 लाख का स्वीकृत है कार्य पर बिना काम कराए फर्जी डिमांड डलवा कर सरपंच ने लेबर के माध्यम से 8.50 लाख निकाल लिए हैं अब फर्जी मूल्यांकन कराने के लिए सरपंच, सचिव ग्राम रोजगार ,सहायक एवं उपयंत्री को मूल्यांकन कराने की धमकी दे रही है और मोटा महादेव बाले तालाब पर बिना निर्माण कार्य किए 3 लाख रुपए निकाल लिए हैं आज पंचों द्वारा शिवपुरी कलेक्टर महोदय और जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आवेदन दिया गया जांच कराने की मांग की गई

## नगर परिषद द्वारा स्वच्छता संदेश रैली का किया गया आयोजन




जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना

**शिवपुरी, /** नगर परिषद खनियाधाना द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 को लेकर स्वच्छता का संदेश देते हुए एक रैली का आयोजन किया गया। जिसमें नगर परिषद सीएमओ सतीश दुबे, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सत्येंद्र साहू, तहसीलदार प्रमोद भदोरिया, पार्षद आशीष जैन, दाऊद अली, मुस्ताक अहमद और अन्य पार्षद गण, परिषद कार्यालय स्टाफ, सफाई कर्मचारी महिलाएं एवं पुरुष,पत्रकारगण, नगर के गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे। यह रैली नगर परिषद प्रांगण से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, गांधी चौक, महाराणा प्रताप, मेन बाजार से होती हुई, नगर परिषद कार्यालय पर खत्म हुई। नगर परिषद सीएमओ सतीश दुबे ने बताया कि 2022 के स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर परिषद 63 वे रैंक पर रही। इस बार टॉप 10 पर आने का प्रयास रहेगा। इसके लिए प्रतिदिन स्वच्छता को लेकर कार्यक्रम किए जा रहे हैं। लोगों को जागरूक किया जा रहा है जिससे कचरा कहीं भी ना फेंके। सभी नगर वासी इस अभियान से जुड़ेंगे तभी स्वच्छता अभियान सार्थक होगा

## शिवपुरी पुलिस की अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही, थाना बदरवास पुलिस ने पकडे देशी मदिरा प्लेन शराब के कुल 331 क्वाटर कीमती करीबन 21515 रुपये ।




जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह के द्वारा जिले में अवैध मादक पदार्थ आईपीएल सट्टा शराब माफिया भूमफिया के विरूद्ध कडी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये थे, उक्त निर्देश के पालन मे अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं एसडीओपी कोलारस श्री विजय यादव के मार्गदर्शन में दिनांक 25.04.23 को थाना बदरवास पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि की ग्राम केलधार मे सरकारी स्कूल के पास किराने की दुकान के पीछे एक व्यक्ति प्लास्टिक के सफेद बोरी में देशी मदिरा प्लेन शराब के कार्टून ग्राहकों को बिक्री करने के लिये रखे है । सूचना की तस्दीक हेतु रवाना होकर मुखबिर के बताये स्थान ग्राम केलधार सरकारी स्कूल के पास पहुंचा जहां एक व्यक्ति दो प्लास्टिक के सफेद बोरी के ऊपर बैठा दिखा जिसे फोर्स की मदद से घेर कर पकडा नाम पता पूछा तो उसनें अपना नाम अनिल जाटव पुत्र देवीलाल जाटव उम्र 25 साल निवासी ग्राम केलधार थाना बदरवास जिला शिवपुरी का होना बताया, आरोपी के कब्जे में रखी बोरी को चैक किया तो एक बोरी में चार कार्टून तथा दूसरी बोरी मे तीन कार्टून देशी मदिरा प्लेन शराब की रखे मिले जिन्हें खोलकर चैक किया तो छः कार्टून में 50 - 50 क्वाटर एंव एक कार्टून मे 31 क्वाटर देशी मदिरा प्लेन शराब के कुल 331 क्वाटर के मिले जिनकी कीमत करीबन 21,515 रुपये की हैं । उक्त व्यक्ति से शराब रखने व बेचने के संबंध में वैध लाईसेंस चाहा तो नही होना बताया । उक्त आरोपी का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत दण्डनीय पाया जाने से अपराध क्रमाक 139/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया । इनकी रही भूमिका- निरीक्षक सुरेश शर्मा सउनि अमरलाल बंजारा सउनि बीएल जौहर सउनि सतेन्द्रसिह भदौरिया प्रआर 310 कदम, आर0 1023 अनुप शर्मा आर् 810 निर्मल आर 940 दीनू रघुवंशी आर 877 दीपक शर्मा आर 89 रामसिह आर 779 नेपालसिह आर 999 राजू पटेलिया सैनिक 21 बैदप्रकाश सैनिक मनीष

## पिछोर एसडीएम ने अवैध प्रतिमाओं को रखने व हटाने को लेकर लगाई धारा 144

### किसी भी शासकीय स्थान व संपत्ति पर कब्जा हटाने के लिए निर्देश

जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना



पिछोर हाल ही में पिछोर नवागंतुक अनुविभागीय दंडाधिकारी पिछोर अरविंद कुमार शाह ने एक आदेश जारी कर क्षेत्र में धारा 144 ज फौ लागू कर दी है वही पिछोर अनुभाग नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में किसी भी शासकीय विद्यालयो, आंगनवाड़ीयो पंचायत भवनो मनोरंजन भवनो अस्पतालो आदि सभी तरह के शासकीय स्थानों व संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति या संस्था द्वारा किए जा रहे अवैध अतिक्रमण को हटाने तथा उपयोग से रोकने के लिए राजस्व अमले को निर्देशित किया है तथा ऐसे व्यक्तियों पर तत्काल सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी है जानकारी के अनुसार विगत महीनों से पिछोर नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में बिना अनुमति के ताबड़तोड़ महापुरुषों की प्रतिमाएं अवैध रूप से बिना अनुमति के रखी जा रही इसलिए जन सामान्य की बाधा एवं जोखिम को दृष्टिगत रखते हुए पिछोर अनुविभागीय दंडाधिकारी अरविंद कुमार शाह द्वारा आदेश जारी किया गया है कि धारा 144 दंड प्रक्रिया संहिता 1973 में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए सार्वजनिक स्थानों पर महापुरुषों की अमानत प्रतिमाएं बिना अनुमति के रखने एवं हटाने से रोकने पर प्रतिबंधित किया गया है इस संबंध में जानकारी देते हुए शाह ने बताया कि उक्त आदेश से सर्वसाधारण को संबोधित किया गया है वर्तमान परिस्थितियों में समय अभाव के कारण प्रत्येक व्यक्ति को व्यक्तिगत आदेश की तामील कराना संभव नहीं है इसलिए सभी सूचना के साधनों के माध्यम से सभी को सूचित कर दिया गया है अगर कोई व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करते पाया जाता है तो उसके विरुद्ध भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 188 के तहत 1 माह के कारावास तथा तथा 200 रू का जुर्माना या दोनों से दंडित किया जाएगा इसी प्रकार किसी भी सार्वजनिक संस्था पर किसी व्यक्ति द्वारा कोई अतिक्रमण किया जाता है तो उसके विरुद्ध भी तत्काल कार्रवाई की जाएगी एसडीएम राजस्व समेत जिम्मेदारों को आगाह किया है कि यदि किसी भी तरह का कोई शासकीय संपत्ति पर किसी का कब्जा है तो तत्काल हटाया जाए

## जिला कॉंग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतनचद जैन ने की जिला कमेटी का गठन

**दमोह** – कमलनाथ अध्यक्ष मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं पूर्व मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश भोपाल के अनुमोदन के उपरांत एवं निर्देश अनुसार जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतन चंद जैन ने जिला कांग्रेस कमेटी का गठन किया है निम्नानुसार हैउपाध्यक्ष कमलेश उपाध्याय, कमला निषाद, ललित नायक, हरिराम ठाकुर नोहटा, प्रदीप खटीक हटा, भगवानदास चौधरी दीवान चंद्रभान सिंह अमिता सिंह, त्रिलोक पटेल सदगुआ, लक्ष्मण सिंह पथरिया, भीम नामदेव, चरण सिंह, राज किशोर चौहान, तेजी राम रोहित, अमर सचदेवा, कोमल अहिरवार, अजीत कंडया, विक्रम सिंह ठाकुर, अमर सिंह, पवन गुप्ता, पवन यादव, एडवोकेट गजेंद्र चौबे, लालचंद राय, ब्रजकिशोर सोनी, बाबूलाल पटेल, राम चरण राय, शंकर राय, गौरव पटेल, मनोज राय, सतनाम जुनेजा, सुदामा दुबे, भूपेंद्र अजवानी, वीरेंद्र राय, शाहिद कुरेशी, मुरसलीन कुरैशी, संतोष सोनी, अमर सिंह राजा पटना, गोविंद तिवारी, रघुनंदन तिवारी राजेंद्र सिंह एडवोकेट, भूपेंद्र सिंह ।

## खेल कूद से जीवन में बढ़ता है आपसी भाईचारा : कांकर



दैनिक पुष्पांजली टुडे

अटेर । भिंड से 6 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत जवासा ग्राम मुरलीपुरा में क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता का शुभारंभ राघवेंद्र कांकर जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी भिंड ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर किया वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में छोटे यादव गढ़ूपुरा सहित सभी अतिथियों माला पहनाकर स्वागत किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित राघवेंद्र कांकर ने कहा कि खेल हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग है खेलों से हमारे जीवन में शारीरिक उन्नति के साथ साथ आपसी भाईचारा भी बढ़ता है इसलिए गांव गांव में इस प्रकार के आयोजन होना अति आवश्यक है इस अवसर पर उन्होंने क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग ले रही टीमों का परिचय प्राप्त किया और विजेता उपविजेता टीम को पुरस्कार भी वितरित किए इस अवसर पर छोटू काँकर, राजीव ठेकेदार, करू काँकर, गुड्डु बघेल,सुदीप काँकर मनोज जाटव,छोटू कप्तान,ओमकार शर्मा,आशीष शर्मा,वाटसन बघेल,प्रेम सिंह बघेल,विकास शर्मा,प्रेममोहन काँकर,भोलू शर्मा,मुकेश सैनी देहरा कप्तान अमित भदौरिया,गौरव भदौरिया,बोन्दे एवं समस्त ग्राम पंचायत निवासी उपस्थित रहे।

## नवनियुक्त शिक्षिका शिवानी मुख्यमंत्री का व्यक्त कर रही आभार,और दे रही धन्यवाद



**दमोह ।** सरकार द्वारा चलाये जा रहे भर्ती अभियान के दौरान दमोह जिला मुख्यालय में पदस्थ शिक्षिका शिवानी पांडे कहती हैं वे महात्मा ज्योतिबा फुले हायर सेकेण्डरी स्कूल सीएम राईज की शिक्षक हैं, उनकी पोस्टिंग सेकेण्ड कॉउंसलिंग में गणित विषय के शिक्षक पद पर हुई हैं। शिवानी पांडे कहती हैं कि वे भाग्यवान हैं मुख्यमंत्री ने सेकेण्ड काउंसलिंग कराकर एक मौका दिया, हम लोग भी इतने अच्छे पद पर आए और बच्चों को भी कुछ ऐसा दे कि उनकी भी जिंदगी हम लोगों जैसी बनें। वे कहती हैं कि 12 अप्रैल को मुख्यमंत्री द्वारा वर्चुअली प्रशिक्षण में कहा कि पहले साल 70 प्रतिशत फिर अगले साल 100 प्रतिशत वेतन मान की घोषणा की हैं। वे कहती है कि जैसा कि मुख्यमंत्री ने पहले से ही बोल रखा है कि वे मामा हैं और हम उनके भांजे-भांजिया, कई लोग उनकी बहने हैं, जो उन्होंने करके दिखाया हैं, जो बोला हैं वह किया हैं। मुख्यमंत्री का बहुत आभार और धन्यवाद। वे कहती हैं कि वे बच्चों को अपना शत-प्रतिशत शिक्षा देगीं, उन्हें शिक्षा से जुडे रखेंगे, अच्छे संस्कार देंगे उनका जीवन बनायेंगे।

## विद्यार्थी परिषद ने एक सकोरा एक प्राण चलाया अभियान

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद परिसर महाकौशल प्रांत जिला दमोह द्वारा जिले के विभिन्न नगरों/ग्रामों, शैक्षिक संस्थानों व समाजिक/धार्मिक स्थलों में तपती गर्मी में पक्षियों को भटकना न पड़े पीने योग्य पानी मिल सके इस हेतु एक सकोरा एक प्राण अभियान चलाया जा रहा है ८क्क्क्कदमोह जिले के जिला संयोजक बसंत राजपूत द्वारा कहा गया कि गर्मी का समय है और आने वाले समय में अत्यधिक गर्मी की भी संभावनाएं हैं हम अपनी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति स्वयं कर सकते हैं लेकिन बेजुबान पक्षियों को गर्मी के समय दर-बदर भटकना पड़ता है अधिकतर पक्षियों की मृत्यु तो गर्मी के समय भोजन पानी न मिल पाने से हो जाती है इसलिए विद्यार्थी परिषद देश भर में पक्षियों को सुलभता से पानी मिल सके इस हेतु एक सकोरा एक प्राण अभियान चला रही है । वहीं जिला सह संयोजक राहुल कुमार द्वारा कहा गया कि अभाविप दमोह जिले में अपनी स्न्नष्ठ (स्ञ्जष्ठश्वहञ्ज स्नह्रक्रष्ठश्वङ्क्रस्रक्कश्वहञ्ज) गतिविधि द्वारा ( जन , जल , जंगल , जमीन , जानवर ,पर्यावरण प्रकृति के सभी अंगों के संरक्षण तथा उनके विकास में युवा शक्ति की सार्थक भागीदारी सुनिश्चित करना ) यह अभियान चलाया जा रहा है आज दमोह हटा सहित अन्य 8 स्थानों में हमने यह अभियान चलाया साथ ही नगर सहमंत्री दमोह अमित ठाकुर द्वारा आपसे आग्रह एक कविता के माध्यम से किया गया है कि आप भी 1/2 सकोरा में पानी भर कर चिन्हित स्थानों पर रखें और औरों से भी आग्रह करें। प्यासे पक्षी तरस रहे हैं, शीत जल की तलाश में भटक रहे हैं कोने-कोने, बुझाने अपनी प्यास वे !गर्मी से बेहाल हैं वो, थके हारे निराश हैं वो भटक रहे हैं कोने-कोने, बुझाने अपनी प्यास वो ! !मानव का कर्तव्य है ये, प्यासा ना उनको रहने दे झुलसाने वाली गर्मी में, शीत जल अर्पित करे



## क़तील कुरैशी पर किसने चलाई गोली पुलिस जुटी जांच में

**दमोह-** क़तील पिता उमर कुरेशी उम्र 62 वर्ष बजरिया नंबर 7, के रहने वाले कॉलेज टेलर के नाम से प्रसिद्ध दुकान संचालित करने वाले पर सरेआम चली गोली गोली, चलाने वाला फरार, घायल का इलाज जारी। दमोह के टॉकीज चौराहे के पास रख करीब 8-00 बजे बुधवार की दरमियानी रात चली गोली, गोली चली कॉलेज टेलर संचालक अति कुरैशी के ऊपर जब वह बाजू में कंप्यूटर सेंटर पर बैठे हुए थे तब गोली चलाने वाला वही पास की गली से नकाब पहन कर आया और गोली चलाई, गोली चलाने वाला अतीत को पीछे से गोली मारकर उल्टे पांव लौट गया और सारे वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई तभी पता चला कि गोली चलाने वाला कहां से आया और किस तरफ गया गोली की आवाज सुनकर वहां उपस्थित सभी लोग दंग रह गए और वह कुछ सोचते इससे पहले ही गोली चलाने वाला आरोपी वहां से भाग निकलने में सफल रहा घायल हाथी को उपस्थित लोगों ने तुरंत अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने घायल अति को इलाज के उपरांत सर्जिकल वार्ड में भर्ती कर दिया है जहां उनका उपचार अभी चालू है, घटना सुनते ही पुलिस कोतवाली मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज लेकर आरोपी की तलाश में जुट चुकी है जल्दी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगा लेकिन गोली चलाने वाला कौन था क्या उसकी रंजीत से इसका खुलासा, बहुत जल्द होगा, विगत दिनों दमोह कोतवाली प्रभारी विजय राजपूत के निर्देशन में बहुत से अपराधियों को पकड़ा गया उनमें ऐसे आरोपी भी पकड़े गए जिनके पास अवैध रूप से पिस्टल और कट्टे बरामद किए गए, लेकिन अभी भी लोगों के पास अवैध हथियार उनकी जेब में रहते हैं, क्या अभी भी अपराधियों में पुलिस का खौफ नहीं है जो सरेआम जेब में कट्टा लेकर चलते हैं, आरोपी पकड़ा जाएगा उसके बाद ही आगे की जानकारी प्राप्त होगी कि वह कौन था गोली क्यों चलाई और उसको खट्टा कहां से मिला,

## केसर समूह से जुडकर स्वावलंबन की राह पर, दे रही है सरकार को धन्यवाद

**दमोह ।** जिले की तहसील बटियागढ़ के ग्राम गडौला निवासी केसर लोधी बताती हैं कि वे हरिओम स्वयं सहायता समूह से पिछले 4 वर्षो से जुड़ी हुई है। समूह में जुडने के बाद बैंक से ऋण मिला जिसका उपयोग खेती किसानी और अन्य गतिविधियों में भी किया है। वे अभी समूह में सिलाई का काम कर रही हैं। वे बताती है सिलाई के दौरान महिलाओं के कपडे, स्कूल की ड्रेस, पैंट-शर्ट और मास्क बनाए हैं, यह सब कार्य करके उन्हें अच्छा मुनाफा हो रहा है, इसके लिए केसर सरकार को धन्यवाद दे रही हैं। वे कहती है हम समूह से जुड कर आत्मनिर्भर की राह पर चल पडे है।

## गांव में काम मिलने से फूलबाई दे रही है,प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को धन्यवाद

जिले की तहसील बटियागढ़ के ग्राम गडौला निवासी फूलबाई प्रजापति बताती है कि वे लोचन स्वयं सहायता समूह से जुड़ी है। समूह में जुड़ने से पहले वे बिडी बनाती थी और भी अन्य काम करती थी। समूह में जुडने से पहले उनसे बिल्कुल भी सिलाई करते नहीं बनती थी लेकिन समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने धीरे-धीरे सिलाई का काम सीखा, सिलाई सीख कर उन्होंने पैंट-शर्ट, पेटीकोट और स्कूल की ड्रेस सिली। वे कहती है 01 दिन में लगभग 10 से 15 ड्रेस सिल लेती हैं। फूलबाई कहती हैं सिलाई करके महीने में 10 से 20 हजार रूपये कमा लेते हैं, जिससे आर्थिक विकास हो रहा है और घर परिवार भी अच्छे से चल रहा है।

# विष्णु भगवान के छठे अवतार भगवान परशुराम के जन्म उत्सव के उपलक्ष में शोभायात्रा निकाली गई






**पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर पहलवान सिंह राजावत**

मालनपुर नगर में विष्णु भगवान के छठे अवतार भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकाली गई जगह जगह भगवान की शोभायात्रा पर भक्तजनों ने फूलों की वर्षा की एवं मिष्ठान जलपान के स्टाल लगाए गए बताया गया है कि मालनपुर नगर में पहली बार ऐसी शोभायात्रा निकाली गई शोभायात्रा मालनपुर हनुमान मंदिर से लेकर नेशनल 719 हाईवे से चलती हुए एस आर एफ चौराहे से वापस हुई से लोटकर एस बी आई बैंक वाली गली होते हुए मालनपुर सब्जी मंडी से होकर 719 हाईवे से निकलकर मंदिर पर आकर ही ब्राह्मण सभा में परिवर्तित हो गई जिस में पधारे महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री रामदास महाराज दंदरौआ धाम सरकार जिन्होंने मालनपुर के समस्त भक्त जनों को आशीर्वाद देकर ब्राह्मण की परिभाषा का वर्णन किया उन्होंने कहा की सही ब्राह्मण वही होता है जो खानपान नियम संयम से रहता है भगवान अपने अंदर ही बैठे रहते हैं अगर हम गुटका खाएंगे तो भगवान के ऊपर ही खुटका गिरेगा अगर हम मदिरा का पान करोगे तो भगवान के ऊपर ही जाकर गिरेगा जिससे भगवान प्रसन्न नहीं होंगे एव रूठ जाएंगे इसलिए सबसे पहले खानपान नियम संयम का पालन करें तभी आप ब सही ब्राह्मण कह लाओगे और आप वरदान और अशरफ भी दे सकते हो इसी कड़ी में महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 राम भूषण दास महाराज खनेता धाम ने भी अपने विचार रखे इन्होंने समाज को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ब्राह्मण कर्म से नहीं जन्म से ब्राह्मण है चाहे त्रेतायुग देख लो द्वापुर युग देख लो परशुराम भगवान भगवान विष्णु के छठे अवतार थे पूर्व मंत्री राकेश चौधरी ने अपने समाज को उत्थान करने के लिए बात कही कि परशुराम भगवान का राम भगवान से पहले ही जन्म लिया था चक्रवती राजा दशरथ ने वशिष्ट गुरू से आग्रह किया और आशीर्वाद लिया तब श्री राम भगवान का जन्म हुआ चल समारोह में शांतिपूर्वक संपन्न कराने हेतु एस डी ओ पी सौरभ कुमार एवं मालनपुर थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह मावई अपने पुलिस बल टीम के साथ एवं महिला पुलिस साथ रक्षार्थ हेतु चलते रहे थे शोभायात्रा में 3 सैकड़ा से अधिक भक्तजनों व अन्य समाज के लोगों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं ढोल नगाड़ों के साथ मालनपुर के समस्त गलियों में शोभायात्रा निकाली इस सभा में उपस्थित विभिन्न जगहों से आए ब्राह्मण समाज वक्ताओं में के डी सोनंकिया, बाबा सेथिया, रामबाबू काटरे, अशोक भारद्वाज, मुद्गल एडवोकेट, संजय शर्मा मेहलगांव, इन सभी वक्ताओं ने राघवेंद्र शर्मा की भूरी भूरी प्रशंसा की मालनपुर में पहली बार ऐसा समारोह किया राम जानकी बड़े हनुमान मंदिर समिति अध्यक्ष पंडित हरिनारायण शर्मा, धनंजय शर्मा ठेकेदार ब्रज पब्लिक स्कूल संचालक मनोज शर्मा, धर्मवीर शर्मा, अशोक शर्मा, अनिल शर्मा, लक्ष्मी नारायण शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, आदित्य शुक्ला, अभिषेक पांडे, संजय शर्मा, आदित्य कुशवाह, इस मंच के कार्यक्रम का संचालन पंडित मानसिंह शास्त्री के द्वारा किया गया

## फूफ थाना प्रभारी ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत वाहन चालकों को यातायात नियमों का पढ़ाया पाठ



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**फूफ (भिण्ड)।** पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान,एडिनल एसपी कमलेश कुमार खरपुसे के निर्देशन में व अटेर एसडीओपी पूनम थापा के मार्गदर्शन में फूफ थाना निरीक्षक प्रमोद साहू ने तीन पहिया वाहन चालकों की थाने में मीटिंग ली उनको समझाया की भीड़भाड़ वाले इलाकों में गाड़ी खड़ी ना करें, जगह जगह गाडी खडी न करें,क्षमता से अधिक सवारी ना बैठाए एवं यातायात नियमों का पूरी तरह से पालन करें । यातायात नियमों का पालन नहीं करने चालानी कार्यवाही की जायेगी।

खेल कूद से जीवन में बढ़ता है आपसी भाईचारा = कांकर



## खेल कूद से जीवन में बढ़ता है आपसी भाईचारा : कांकर

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**अटेर ।** भिंड से 6 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत जवासा ग्राम मुरलीपुरा में क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता का शुभारंभ राघवेंद्र कांकर जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी भिंड ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर किया वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में छोटे यादव गढ़ूपुरा सहित सभी अतिथियों माला पहनाकर स्वागत किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित राघवेंद्र कांकर ने कहा कि खेल हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग है खेलों से हमारे जीवन में शारीरिक उन्नति के साथ साथ आपसी भाईचारा भी बढ़ता है इसलिए गांव गांव में इस प्रकार के आयोजन होना अति आवश्यक है इस अवसर पर उन्होंने क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग ले रही टीमों का परिचय प्राप्त किया और विजेता उपविजेता टीम को पुरस्कार भी वितरित किए इस अवसर पर छोटू काँकर, राजीव ठेकेदार, करू काँकर, गुड्डू बघेल,सुदीप काँकर मनोज जाटव,छोटू कप्तान,ओमकार शर्मा,आशीष शर्मा,वाटसन बघेल,प्रेम सिंह बघेल,विकास शर्मा,प्रेममोहन काँकर,भोलू शर्मा,मुकेश सैनी देहरा कप्तान अमित भदौरिया,गौरव भदौरिया,बोन्दे एवं समस्त ग्राम पंचायत निवासी उपस्थित रहे।

## जागा सरकार पर छठे दिन पहुंचे भाजपा के कई नेता कथा वाचक एवं आयोजक आजाद खान जी का स्वागत करने

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ.बेताल सिंह गौड़**

मौ जागा सरकार पर चल रही श्रीमद् भागबत् कथा में जागा सरकार के दर्शन कर ब्यास गद्दी पर विराजमान कथा बाचक पं श्री सुनील शास्त्री जी का सम्मान किया एंव भागबत कथा के आयोजक आजाद खांन जी का भी सम्मान किया इस बीच कई नेता उपस्थित रहे मौ मंडल अध्यक्ष गोपाल कुशवाह कार्यालय मंत्री डॉ.बेताल सिंह गौड़ जी युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामख्तयार सिंह गुर्जर जी युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामनिबास यादव जी युवा मौर्चा महामंत्री संन्तोष यादव जी किसान मोर्चा उपाध्यक्ष कोमल यादव जी

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर हेतु बैठक 29 अप्रैल को

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे एवं जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर वर्ष 2023 - 24 के आयोजन की तैयारियों हेतु बैठक 29/04/2023 को दोपहर 12 बजे कलेक्टर सभा कक्ष में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी।

# एड डॉ. नूपुर धमीजा को एक्सक्लूसिव वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और किंग्स बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स का मिला सम्मान

**पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**नई दिल्ली/**इंदौर । डॉ. नूपुर धमीजा अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट संस्थापक नूपुर लेटेस्ट जज्मेन्टस एन्ड लीगल् न्यूज् अप्डेटस,निर्णय और कानूनी समाचार अपडेट जो कि नई दिल्ली से है । इन्होने मुफ्त में संचालित होने वाला सबसे बड़ा कानूनी मंच बनाया है, जो कि ऑनलाइन फेसबुक पर चल रहा है। उनके प्रयास् को पहचान मिली है।एक्सक्लूसिव वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और किंग्स बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड द्वारा उन्हे रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट दिया गया है। इस प्लेटफॉर्म में 24/04/2023 तक फेसबुक पर 6 समूहों में लाखों लोग और व्हाट्सएप पर 6 समूहों के लिए केस लॉ, सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट जज्मेन्टस,औथोरिटिस, साईटेशन् और रूलिगस् शामिल हैं।एडवोकेट डॉ. नूपुर धमीजा को एक्सक्लूसिव विश्व रिकॉर्ड गतिविधियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रमुख कानूनी सेल के रूप में भी चुना गया है।एक्सक्लूसिव वर्ल्ड रिकॉर्ड्स टीम ने ईमेल के माध्यम से टीम में अपनी स्थिति के लिए एक पुष्टिकरण मेल भेजा। और एक्सक्लूसिव वर्ल्ड रिकॉर्ड्स टीम ने नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी है।

# कूटरचित दस्तावेज तैयार कर बनाया फर्जी पट्टा, धोखाधडी का मामला दर्ज

**पाली** -देवली कला में कूटरचित दस्तावेजो से फर्जी पट्टा बनाने का एक और मामला दर्ज हुआ है देवली कला निवासी हाल बेंगलोर परिवादी गौतमचंद कटारिया ने 21 अप्रैल को जैतारण थाने में अशोक कुमार पुत्र फतेहचन्द, धर्मीचंद जैन पुत्र मांगीलाल खारीवाल , तत्कालीन ग्रामविकास अधिकारी माणकचन्द कुमावत के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है । परिवादी गौतमचंद ने बताया कि तत्कालीन सरपँच मुन्नी देवी के कार्यकाल में देवली कला निवासी अशोक कुमार पुत्र फतेहचन्द जैन, धर्मीचंद पुत्र मांगीलाल खारीवाल, तत्कालीन ग्रामसेवक माणकचन्द कुमावत ने 2009 में षड्यंत्र रचकर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी गवाहों के हस्ताक्षर करवाकर फर्जी मिसल तैयार कर पट्टा जारी कर दिया गया। परिवादी ने बताया कि वर्षो से गांव आकर प्लाट में निर्माण कार्य करवाने के लिए काम शुरू किया तब अशोक कुमार के नाम पर धर्मीचंद ने पुलिस व पंचायत को पत्र लिख कर पुलिस द्वारा मौके पर आकर स्वयं का प्लॉट बताते हुए काम



रुकवाने की कोशिश की मेने ग्राम पंचायत से दस्तावेज की जानकारी लेने पर पता चला 2009 में कूटरचित दस्तावेजों से पट्टा बना दिया गया। पट्टे की मिशल पर व पट्टै लेनै मै भी धर्मीचंद के ही हस्ताक्षर है अशोक कुमार के फर्जी हस्ताक्षर भी धर्मीचंद ने ही किये है । व सुचना आधार के तहत् मैने ग्रामसेवक व ग्राम पंचायत को नकल के लिये आवेदन करनै पर भी पंचायत ने देने से इंकार कर दिया ताकि मुझे कार्य वाही करने मै बाधा पहुचे ।

**पूर्व में भी बनाया था धर्मशाला का फर्जी पट्टा**-परिवादी गौतमचंद कटारिया ने बताया कि धर्मीचंद खारीवाल ने पूर्व में गांव में जवाडिया चोक पर स्थित सार्वजनिक धर्माशाला का तत्कालीन सरपँच महेंद्र कुमावत के कार्यकाल में कूटरचित दस्तावेजों से पट्टा बनाया जिसकी जिला परिषद द्वारा जांच में फर्जी पाए जाने पर निरस्त किया गया ।मैने अभी,छरूकोर्ट पाली सिविल कोर्ट बर भी मुकदमा किया है उस मै भी वो लोग समन् लेने मै सहयोग नही कर रहै ईधर उधर बचाव कर रहै है । गाँव मै करीब पन्द्रह झुठे पट्टे बनाकर अब बैगलुर मै विल्सन गार्डेन मै खारीवाल डिपार्टमेंट स्टोर लगाकर बैठै है ।

## वाहन चैकिग के दौरान अवैध देशी कट्टा के साथ एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**अटेर ।** विशेष पुलिस महानिदेशक पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा माफियाओं एवं आपराधिक तत्वों के बिरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान एंव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे,अटेर एसडीओपी श्रीमती पूनम थापा के निर्देशन मे थाना प्रभारी उपनिरीक्षक देवेंद्र राठौर ने दिनांक 26/04/23 को दौराने वाहन चैकिंग एक सफेद रंग की बुलेरो को रोककर चैक किया तो बुलेरो गाड़ी की चालक सीटबेल्ट नही लगाये हुऐ था बाद चालक से वाहन संबंधी दस्ताबेज चाहे गये तो न होना बताया बाद उक्त वाहन को संदिग्ध होने से चैक किया गया तो उक्त वाहन में ड्राइवर सीट के नीचे एक 315 बोर का कट्टा रखा मिला बाद कट्टा को खोलकर चैक किया तो उसके चैम्बर में एक 315 बोर का जिन्दा राउण्ड लगा मिला मौके पर जप्त किया गया व आरोपी को गिरफ्तार किया गया जिस पर से अपराध क्र. 61/ 23 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध किया गया तथा आरोपी को जे. आर. पर भेजा गया।

**बरामद माल** - अबैध 315 बोर का देशी कट्टा व एक 315 बोर का जिन्दा कारतूस

मुख्य भूमिका में अटेर थाना प्रभारी उपनिरीक्षक देवेन्द्र राठौर,सहायक उपनिरीक्षक ज्ञानचंद्र,सहायक उपनिरीक्षक हरिविलाश धाकड़ आरक्षक महेश गुर्जर,आरक्षक महेन्द्र यादव,आरक्षक अलकेश यादव,आरक्षक विशाल राजावत, आरक्षक भारत सेंगर,आरक्षक चालक रामनरेश प्रजापति की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## लोकायुक्त पुलिस ने शहर की गौरीधाम कालोनी में निवासरत एक पटवारी के मकान पर गुरुवार को आय से अधिक सम्पत्ति मामले में छापा मारा।

**खरगोन से मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे**

खरगोन। लोकायुक्त पुलिस को पटवारी के खिलाफ शिकायत मिली थी। डीएसपी संतोषसिंह भदौरिया, पीएस बघेल सहित 22 सदस्यीय टीम ने कार्रवाई में शामिल रही। टीम ने गोगावां तहसील के पटवारी हल्का नम्बर 36 में पदस्थ पटवारी जितेंद्र सोलंकी के घर सहित 4 अन्य ठिकानों पर छापा मारा। टीम ने सुबह 5 बजे पटवारी के घर पर दस्तक दी। डीएसपी प्रवीण बघेल ने बताया यहां मिले सम्पत्ति के दस्तावेजों को देख टीम दंग रह गई। शुरुआती जांच में ईश्वरी कॉलोनी में तीन मंजिला मकान, 6 छोटी दुकाने हैं दामोदर कॉलोनी धार रोड इंदौर में मकान,ग्राम मुलठान, तहसील कसरावद में 2 मकान में नव निर्माण, न्यू राधावल्लभ मार्केट में एक दुकान, ग्राम मोघन.तहसील गोगावा में 03 जमीनें बहन के नाम, ग्राम महुमांडली, तहसील गोगावा में जमीन बहन के नाम, ग्राम बिष्ठान,तहसील गोगावा, चित्तौड़ भुसावल राजमार्ग पर भूखंड एवं उस पर दुकान निर्माण आरोपी के बहनोई नाम पर एक टाटा इंडिका वाहन सम्बंधित दस्तावेज मिले है।

अधिकारी की मानें तो 25 हजार तनख्वाह पाने वाले पटवारी के पास करोड़ो रूपये की संपत्ति होने का अनुमान है।

**प्रवीन बघेल**
**डीएसपी लोकायुक्त**

# भारत माता पूजन एवं सम्मान समारोह आयोजित

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू ।** भारत माता पूजन एवं सम्मान समारोह का आयोजन श्री कृष्णा गोसेवा आश्रम होसूर भण्डे परिसर में किया गया, जिसमें अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों का बहूमान श्री कृष्ण गौशाला के हिंदू युवा सम्राट स्वामी पुखराज जी महाराज द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत आराध्य देवी की स्तुति से प्रारंभ कर दीप प्रज्वलन किया गया। साथ ही विभिन्न प्रदेशों से आये हुए मेहमानों को राजस्थानी परंपरागत साफा माला शॉल द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वामी जी करते हुए, लोगों को एकजुट रहने और सनातन धर्म एवं अखण्ड भारत की रक्षा हेतु भाजपा के पक्ष में वोट देने की बात भी कही।जबतक हमारा प्रदेश सशक्त नहीं होगा तब तक हमारा देश सशक्त नहीं हो सकता। विशिष्ट अतिथि के रूप में त्रिपुरा के निवर्तमान मुख्यमंत्री विप्लवदेव का पदार्पण हुआ साथ में राजस्थान प्रदेश के पूर्व सांसद विसनोई , अशोक गजेरा के बेंगलुरु से तमाम भाजपा एवं विविधभाषिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, संचालक, सह संचालक एवं साथ में बेंगलुरु से विभिन्न समाज के भामाशाहों के साथ साथ बेंगलुरु चौरसिया समाज से एवं पनाथुर एरिया से रवि राजहंस हिन्द सागर मीडिया के तमाम पत्रकार बंधुओं नें अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर महोत्सव की शोभा




बढ़ाया। महोत्सव को संबोधित करते हुए त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री नें हर घर की महिलाओं को देवी स्वरूपा कहकर उपस्थित महिलाओं का सम्मान बढ़ाया, कहा कि किसी भी चीज में सफलता हासिल करने के लिये महिलाओं का सहयोग अति आवश्यक है, एक महिला ही घर को स्वर्ग बनाती है।यदि हर व्यक्ति महिला को अपना अगुआ मान ले तो हर व्यक्ति जीवन में सफल होगा, अपने वक्तव्य में उन्होंने अपने जीवन वृतांत को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के साथ बिताये पलों को याद किया, उन्होंने ही मूल मंत्र दिया कि हर परिवार को अपना एक अगुआ रखना ही चाहिए। साथ ही कर्नाटक में आगामी चुनाव में भाजपा को बड़ी बहुमत मिले इस पर जशवन्त सिंह विष्णोई पूर्व सांसद जोधपुर,प्रवीण भाई माली विधायक डीसा गुजरात, अशोक गजरा भाजपा सदस्य आदि लोगों नें अपने विचार रखे और लोगों को दिल खोलकर वोट करने की बात कही, आपका एक-एक वोट बहुत क़ीमती है, ज़रूर मतदान करें। भारत माता पूजन महोत्सव में सीरवी समाज, चौरसिया समाज, माली समाज, राजपुरोहित, प्रजापत समाज विष्णु समाज, श्री मातेश्वरी भक्त मण्डली से कई प्रतिष्ठित व्यापारी वर्ग के प्रबुद्ध लोग महिलायें एवं बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन और समापन को पुखराज जी महाराज नें अपने आशीर्वचन से बीजेपी के जीत हेतु बधाई दिया ।इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने प्रसादी ग्रहण किया

## जौरा में संपन्न हुआ विशाल निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

जौरा के गांधी आश्रम में इंडियन प्रोफेशनल कांग्रेस एवं टीम नकुलनाथ द्वारा आयोजित सिम्स मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल ग्वालियर के सहयोग से विशाल निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में लगभग 950 जौरावासियों ने शिविर का लाभ लिया एवं अपना स्वास्थ्य परीक्षण करा निशुल्क दवाइयां का लाभ लिया शिविर में सुबह 8:00 बजे से ही आसपास के ग्रामों से एवं जोरा नगर से बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपना नंबर लगा लिया था शिविर सुबह 10:00 बजे प्रारंभ होकर शाम के लगभग 6:00 बजे तक चला जिसमें मरीजों की आंखों हड्डी रोग ह्रदय रोग का परीक्षण किया गया एवं ह्रदय के मरीजों की श्वष्टत्त के द्वारा भी जांच की गई कार्यक्रम पश्चात आयोजन समिति ने वरिष्ठ डाक्टरों एवं सहयोगियों को प्रदीप की भेंट कर सम्मान किया शिविर में टीम नकुलनाथ से राजकुमार सिंह एवम् प्रोफ़ेसनल कांग्रेस से धर्मेंद्र शर्मा एवं सिम्स हॉस्पिटल की टीम से डॉ ओ पी शुक्ला, डॉ अनुराग सिकरवार , डॉ सुमित यादव , डॉ युवराज सिंह ,डॉ एन के भार्गव ,डॉ दीपक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे में मुख्य रूप से एकता परिषद के प्रदेश संयोजक डोंगर शर्मा एकता परिषद के प्रफुल्ल श्रीवास्तव जी जगदीश शुक्ला मुरारी लाल अमर डॉ सुरेश शर्मा राम भरोसी पलिया अजीत राणा दामोदर मौर्य अभिषेक जैन दीपक यादव सुनील शाक्य गोपाल शर्मा पवन कटारे प्रमोद शर्मा पम्मी जी दिनेश शर्मा जी गिरिराज शर्मा सोनू खान दिनेश गुर्जर ऐदल महाना कमलेश दुबे नरेंद्र शाक्य और सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# जीवनशैली के जरिये लिवर की संभाल



लिवर का शरीर में पाचन क्रिया नियंत्रण, ऊर्जा प्रदान करने और इम्यूनिटी बढ़ाने में अहम योगदान है। इसकी प्रक्रिया गड़बड़ा जाये तो रोग घेर लेते हैं। लेकिन जीवनशैली में व्यायाम व संतुलित खानपान शामिल कर लें तो लिवर स्वस्थ रहता है। इस विषय पर गेस्ट्रोइंट्रोलॉजिस्ट, जीबी पंत अस्पताल, दिल्ली डॉ. लोकेश नाथ झासे बातचीत हुई।

पेट के दाहिनी ओर स्थित लिवर हमारे शरीर का दूसरा बड़ा और महत्वपूर्ण अंग है। लगभग डेढ़ किग्रा वजनी और 15 सेमी लंबे लिवर को शरीर का इंजन भी कहा जाता है। शरीर की चयापचय प्रक्रिया को नियंत्रित करने में लिवर की महत्वपूर्ण भूमिका है। हम जो भी खाते-पीते हैं, वह लिवर से होकर ही पाचन प्रक्रिया के लिए आंतों में पहुंचता है। लिवर पित्त द्रव (बाइल फ्ल्यूड) का निर्माण करता है जो भोजन पचाने और पोषक तत्वों के अवशोषण में मदद करता है। कार्बोहाइड्रेट, ग्लूकोज और फैट के संचयन के कारण यह बैटरी का काम करता है। शरीर को काम करने की एनर्जी देता है, शारीरिक गतिविधियों को सुचारू चलाने में मदद करता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रदान करता है। लिवर रक्त को फिल्टर कर विषाक्त पदार्थ बाहर निकालता है और शरीर को डिटॉक्स करता है। शरीर में प्रोटीन का निर्माण कर खून के थक्के बनने की प्रक्रिया बढ़ाता है। लेकिन कई वजह से लिवर संक्रमित हो जाता है। यह ठीक से काम नहीं कर पाता, चयापचय प्रक्रिया गड़बड़ा जाती है। पाचन समस्याएं होने लगती हैं जैसे- गैस बनना, पेट में दर्द, सूजन, अपच, एसिडिटी, भूख न लगना। इसके असर से थकान, कमजोरी, पीलिया, यूरिन का रंग पीला पड़ना जैसी समस्याएं होने लगती हैं। अनदेखी करने पर लिवर संक्रमण बढ़ जाता है और लिवर कई बीमारियों का शिकार हो जाता है जैसे- हैपेटाइटिस, फैटी लीवर, लीवर सिरोसिस, लीवर कैंसर। इन घातक बीमारियों का समुचित उपचार न किए जाने पर लिवर डैमेज या लिवर फेल्योर की स्थिति आ जाती है, जिसका एकमात्र इलाज लिवर ट्रांसप्लांट होता है।

दरअसल असंतुलित खान-पान और रहन-सहन के गलत तौर-तरीकों का असर लिवर पर पड़ता है। इनमें ज्यादा नमक व मसाले वाला भोजन, फास्ट फूड, जंक-ऑयली फूड का सेवन अधिक करना शामिल है वहीं दूषित पानी और भोजन, एल्कोहल आदि नशीली चीजें भी ठीक नहीं। ज्यादा धूम्रपान भी लीवर को नुकसान पहुंचाता है। व्यायाम में कोताही बरतने से बढ़ा मोटापा, पाचन संबंधी बीमारियों को नजरअंदाज करना, बिना डॉक्टरी सलाह के दवाइयां खाना भी लीवर खराब करते हैं। वहीं टैटू पियर्सिंग में निडल या इंजेक्शन शेयर करना, संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने, असुरक्षित संबंध, संक्रमित ब्लड ट्रांसफ्यूजन से लीवर संबंधी रोग होते हैं। वहीं डॉक्टर, नर्स, पैथोलॉजिकल लैबोरेटरी टेक्नीशियन जैसे हैल्थकेयर वर्कर्स में ब्लड ट्रांसफ्यूजन के दौरान इंफेक्शन से लीवर की बीमारी की आशंका होती है।

सेहत का ध्यान रखना भी जरूरी है। जहां तक हो सके कोलेस्ट्रॉल, ब्लड प्रेशर और शूगर का स्तर नियंत्रित रखें। हेपेटाइटिस ए और बी के इंजेक्शन जरूर लगवाएं। डॉक्टरी सलाह के बिना दवाएं न लें और दूषित सुई या इंजेक्शन के इस्तेमाल से बचें। फैटी लिवर समस्या से बचने के लिए एल्कोहल, धूम्रपान और तंबाकू सेवन से दूर रहें।

# ऐसा हो माहौल न निकलें झूठ के बोल

कहां से सीखा है झूठ बोलना? झूठ बोलने पर हर घर में, हर बच्चे का सामना इस सवाल से होता ही है। साथ ही यह प्रश्न अभिभावकों की नाराजगी और हैरानी दोनों लिये होता है। बच्चे का सच बोलने के बजाय बातें बनाना पेरेंट्स को दुखी भी करता है और चिंतित भी। साथ ही यह उलझन भी बढ़ जाती है कि बच्चा यह सीख कहां से रहा है? ऐसे में एक ताज़ा रिसर्च बड़ों का सच से सामना भी करवाती है और सचेत भी करती है। हाल ही में पोलैंड और कनाडा के शोधकर्ताओं ने पाया कि बच्चों की झूठ बोलने की आदत और बड़ों के बर्ताव का गहरा संबंध है। आमतौर पर अभिभावक बच्चों से हर बात में %हां% ही सुनना चाहते हैं। ऐसा न होने पर कभी सख्ती बरती जाती है तो कभी सजा बच्चों के हिस्से आती है। ऐसे में बच्चे पेरेंट्स को खुश करने के लिए भी झूठ बोलने लगते हैं। जरूरी है कि बचपन से जड़ें जमा लेने वाली इस गलत आदत को लेकर सोचा जाए। ताकि बच्चे सहज रूप से सच कह सकें।

बच्चे ज़्यादातर उस परिस्थिति में झूठ बोलते हैं, जब कोई गलती हो जाती है। कभी सजा से बचने के लिए तो कभी कोई बात छुपाने के लिए। आमतौर पर बालमन के इस दुराव-छिपाव के पीछे अभिभावकों की सख्ती का डर होता है। इतना ही नहीं, बच्चे जानते हैं कि उनकी गलती पकड़ी गई तो अनगिनत हिदायतें और बंधन लगा दिये जाएंगे। जैसे किसी दोस्त के घर में बच्चे के हाथ से कुछ टूट-फूट गया तो आगे से किसी के घर न जाने की हिदायत। बच्चों के मन पर ऐसी पाबंदी गहरा असर डालती है। इसीलिए उनसे सच सुनने के लिए पेरेंट्स को संतुलित रवैया अपनाना होगा। बच्चों को भरोसा हो कि आप उन्हें %जज% करने के बजाय उसकी उलझन या गलती को समझेंगे। साथ ही हिदायतें देने के बजाय सही हल भी सुझाएंगे। घर के बड़े सदस्यों के बर्ताव का बच्चों के व्यवहार पर गहरा असर पड़ता है। अगर वे बात-बात में बड़ों को झूठ बोलते हुए देखते-सुनते हैं तो यह उनके लिए सहज सी बात हो जाती है। अध्ययन बताते हैं कि किसी परिस्थिति या आपसी संवाद के दौरान जाहिर की गई माता-पिता की प्रतिक्रियाओं से भी बच्चे सच्चाई को तोड़-मरोड़कर पेश करना सीख जाते हैं। शोधकर्ताओं के मुताबिक, बच्चे लगभग 3 साल की उम्र में झूठ बोलना सीखना शुरू करते हैं। उम्र के इस पड़ाव पर बच्चे समझने लगते हैं कि उनके आस-पास के लोग उनके दिमाग को नहीं पढ़ सकते। वहीं 4-6 साल की उम्र में बच्चे अपने चेहरे के हावभाव अपने शब्दों से मिलाना सीख जाते हैं। गौर करने वाली बात है कि इस आयुवर्ग के बच्चों का अधिकांश समय अपनों के बीच ही बीतता है, खासकर पेरेंट्स के साथ। ऐसे में अभिभावकों की सतर्कता जरूरी है। दुनियावी बर्ताव निभाने भर को कुछ अलग रंग-ढंग से कहना भी हो तो यह बच्चों के सामने न किया जाए। बच्चे अच्छे-बुरे का फर्क नहीं समझ पाते। न ही इंसानी जीवन से जुड़ी परिस्थितियों की उलझनों और बातचीत को। वे तो बड़ों के व्यवहार को देखकर बहुत कुछ सीखते जाते हैं। ऐसे में अभिभावक ही सच बोलकर उनके लिए आदर्श उदाहरण बन सकते हैं। साथ ही बच्चे के सच बोलने पर गुस्से के बजाय उसकी सराहना कर उसे हमेशा सच कहने को प्रोत्साहित भी कर सकते हैं। हर बात में झूठ बोलने की आदत हो जाना बच्चों की प्यारी शरारत भर नहीं है। यह उनके व्यक्तित्व पर दुष्प्रभाव डालने वाला व्यवहार है। जीवन को नकारात्मक दिशा देने वाला रुझान है। ऐसे में अभिभावकों की ज़िम्मेदारी अच्छी बातें सिखाने तक ही नहीं बल्कि बुरी आदतों से बचाने के मोर्चे पर भी अहम है। झूठ बोलने की आदत दूसरी बहुत सी गलत आदतों की जड़ बन जाती है।

# मनभावन संग जगभावन भी हो पहनावा

समय के साथ रहन-सहन और जीवनशैली में बड़ा बदलाव आया है। सामाजिक माहौल भी बदला है और व्यक्तिगत सोच का दायरा भी बढ़ा। बावजूद इसके पब्लिक प्लेस में मौजूदगी का एक शिष्टाचार जरूरी है। परिस्थिति के मुताबिक परिधान पहनना मायने रखता है। हमारे देश में ही नहीं, दुनिया के किसी भी कोने में सब कुछ अपनी सहजता के मुताबिक नहीं किया जा सकता। जरूरी है कि नयी पीढ़ी भी बात को समझे।

सामाजिक शिष्टाचार के बिना शिक्षित, सजग या आत्मविश्वासी होने के नाम पर कुछ अलग-सा करने की धुन अभद्रता बन जाती है। विशेष दिखने की सनक कई बार इंसान के सामान्य ज्ञान पर ही सवाल उठाने लगती है। अफसोस कि आज बहुत से युवा इस अंतर को नहीं समझ पा रहे। अलग दिखने की स्टाइलिश सनक में नयी पीढ़ी सही-गलत का फर्क ही भूल रही है। हाल ही में दिल्ली मेट्रो में बिकिनी पहनकर यात्रा करने वाली लड़की का वायरल हुआ वीडियो सामाजिक शिष्टाचार की इसी समझ को लेकर कई सवाल उठाता है। नासमझी कहें या दुस्साहस, युवा पीढ़ी की यह दिशाहीनता चिंतित करने वाली है। सार्वजनिक परिवहन के साधन का इस्तेमाल करते हुए उचित परिधान तक न चुन पाने की यह गफलत भी कई मोर्चों पर अव्यावहारिक और अजीबोगरीब व्यवहार को सामने रखती है। गौरतलब है कि युवती के पहनावे से जुड़े मामले के तूल पकड़ने पर दिल्ली मेट्रो रेल निगम को अपने बयान में यात्रियों से सामाजिक शिष्टाचार और प्रोटोकॉल का पालन करने की अपील करनी पड़ी। डीएमआरसी ने यात्रियों को ऐसी किसी भी गतिविधि से बचने को कहा है जिससे जिससे दूसरे यात्रियों की संवेदनाएं आहत हों। ऐसे में युवा पीढ़ी को समझना होगा कि प्रभावी व्यक्तित्व के लिए सामाजिक संवेदनाओं को समझने का शिष्टाचार भी आवश्यक है।

दरअसल, समाज में जीने के भी कुछ नियम होते हैं। ऐसे वाकये युवाओं की असामाजिक सोच, अव्यावहारिक जीवनशैली और उलझन भरे मन की ही बानगी है। परिधान का शिष्टाचार तो हमारे पारिवारिक परिवेश में हर बच्चे को जीवन के शुरुआती पड़ाव पर ही सिखाया जाता है। सामाजिक परिवेश में इस सबक की स्वीकार्यता के मायने समझने को



मिलते हैं। यही वजह है कि डीएमआरसी ने इस मामले को लेकर कहा है कि %वह अपने यात्रियों से उस सामाजिक शिष्टाचार का पालन करने की उम्मीद करती है जो समाज में स्वीकार्य है7 % साथ ही यह भी कहा कि यात्रा करते समय कपड़ों की पसंद एक व्यक्तिगत मुद्दा है, पर यात्रियों से अपेक्षा की जाती है कि वे जिम्मेदार तरीके से अपने आचरण को स्व-विनियमित करते हुए सार्वजनिक परिवहन प्रणाली में यात्रा करते समय कृपया मर्यादा बनाए रखें 7% यकीनन यह जरूरी भी है। पब्लिक प्लेस पर उपस्थिति के कुछ मापदंड हर नागरिक के लिए आवश्यक हैं। पहले से असुरक्षा से जुड़ी घटनाओं के चलते हमारे देश में महिलाओं को देह आधारित आज़ादी के बजाय वैचारिक स्वतंत्रता का विचार ज्यादा सशक्त बनाएगा। यों भी भारत की सामाजिक- पारिवारिक व्यवस्था में महिलाओं के लिए ही नहीं बल्कि पुरुषों के लिए भी मर्यादित जीवन के कुछ नियम तय किए गए हैं। सार्वजनिक जगहों पर मर्यादा का पालन और सभ्य आचरण की सीमा रेखा सभी के लिए तय है। इसीलिए ऐसे मामलों को स्त्री-पुरुष के भेद के आधार पर तूल देना भी अर्थहीन है। ऐसे में आज की पीढ़ी को समझना होगा कि %माय च्वाइस% के नाम पर सार्वजनिक जीवन में मनमर्जी नहीं की जा सकती। समाज में हर इंसान की उपस्थिति का रंग-ढंग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से दूसरों को प्रभावित करता है। यही वजह है कि नागरिकों के बर्ताव की सीमा तय करने को बाकायदा नियम-कानून बने हुए हैं। मानवीय जीवन में सह-अस्तित्व के भाव और आपसी संवेदनाओं को सहेजने के लिए एक आचार संहिता है। इसमें लिखित ही नहीं बल्कि कुछ मौखिक नियम भी शामिल हैं। कुछ अर्थपूर्ण अलिखित नियम तो घर की बड़ी पीढ़ी बच्चों को सिखाती-समझाती है। सार्वजनिक स्थलों पर मौजूदगी या माध्यमों का इस्तेमाल करने के आचरण की एक नियमावली बनी हुई है। इसमें प्रशासनिक नियम और पारिवारिक परिवेश में मिला रहन-सहन का पाठ दोनों ही समाहित हैं। जरूरी है कि सयानी उम्र के बच्चे जीवन के इन बुनियादी कायदों को लेकर नासमझ न बनें। अपनी पसंद को भी परखें। यह हमेशा सही ही हो, यह जरूरी नहीं। अवसर और परिस्थिति के मुताबिक पहने गए परिधान आपके विचार और व्यवहार का आईना होते हैं।

# अभिभावकों की सजगता ही सुरक्षा चक्र

पेरेंट्स का परवरिश के कई मोर्चों पर सजग रहना जरूरी है। खासकर बच्चों के शारीरिक शोषण के मामले में सतर्कता आवश्यक है। यूं तो हर अभिभावक बच्चों को लेकर हर किसी पर भरोसा नहीं ही करता पर क़रीबी अपनों और परिचितों पर विश्वास करना भी कई बार कटु अनुभव साबित होता है। 2012 से 2021 तक हुई बालमन का दंश बनने वाली घटनाओं के आंकड़े इसी रीतते भरोसे की बानगी हैं। करीब एक दशक में सामने आए आंकड़ों के मुताबिक, बच्चों के कामुक शोषण के मामलों में 94 फीसदी आरोपी पीड़ित के परिवार के परिचित, परिजन या परिवार का ही कोई सदस्य होता है। बच्चियों के यौन शोषण की घटनाओं ने 48.66 प्रतिशत आरोपी परिचित ही निकले हैं जो या तो बच्ची के दोस्त थे या उनसे जान-पहचान रही है। इसीलिए बच्चों की सुरक्षा को लेकर सजगता जरूरी है।

आज के असुरक्षित परिवेश में जरूरी है कि बच्चों के मामले में हर किसी पर आंख मूंद कर विश्वास नहीं किया जाना चाहिए। आए दिन हो रही घटनाएं बताती हैं कि मासूमों के साथ दुर्व्यवहार करने वाला घरेलू सहायक, ट्यूशन टीचर, करीबी रिश्तेदार या पड़ोसी, परिचित-अपरिचित कोई भी हो सकता है। अवसर पाकर बच्चों के साथ दरिंदगी करने वाले कुत्सित मानसिकता के लोग अपना-पराया नहीं देखते। दुखद, पर सच है कि इस मामले में अब हर कोई संदेह के घेरे में है। जहां स्कूल परिसर से लेकर घर के आंगन तक बच्चों को शोषण का दंश मिल रहा है, वहां यह शंका लाजिमी भी है। कई बार तो शोषण करने वाले लोग बच्चों को डराते भी हैं। ऐसे लोगों के गलत इरादे समय रहते पहचानिए। किसी और पर आंख मूंद कर किया भरोसा अपने ही बच्चे के मन को अविश्वास का घाव न दे जाए।

बच्चे का बदलता व्यवहार उसके साथ हो रहे दुर्व्यवहार को बिन कहे बताने को काफी होता है। बाल यौन शोषण से जुड़ी



अधिकतर घटनाओं में पेरेंट्स आगे चलकर महसूस करते हैं कि कैसे उनका बच्चा चुप रहने लगा था। अपनों-परायों से कटकर आत्मकेंद्रित हो गया था। फ्रेंड्स से दूरी बना ली थी। बच्चा किसी विशेष व्यक्ति को अचानक नापसंद करने लगा था। उसका स्वास्थ्य बिगड़ने लगा था। खान-पान में अरुचि हो गई थी या फिर पढ़ाई में पिछड़ने लगा था। एक सजग अभिभावक बन मासूम मन की पीड़ा का संकेत कहे जा सकने वाले व्यवहार के इन बदलावों पर समय रहते गौर कीजिए। बालमन की अनकही भावनात्मक टूटन को समझने के लिए उनके साथ वक्त बिताएं। बातों-बातों में गुड टच बैड टच के बारे में समझाएं। कई बार बच्चे ऐसी समझाइश के समय अपना मन खोलते हैं। सहजता से बता पाते हैं कि उनके साथ ऐसा ही कुछ हो रहा है।

बहुत छोटे बच्चे कई बार अपने साथ हो रही ज्यादती के बारे में समझ ही नहीं पाते तो कई बार पेरेंट्स को बताने में ही हिचकते हैं। खासकर तब जब कोई परिचित यह पीड़ादायी बर्ताव कर रहा है। कभी बच्चे अपनी बात कहते भी हैं तो अभिभावक सुने बिना ही टाल देते हैं। यह कैसी बात है? कहां से सीखा यह सब? फालतू बात मत करो। ऐसी बातें कहकर बच्चों का मनोबल तोड़ देते हैं। इन घटनाओं का दुखद पक्ष है कि मासूम को अभिभावक भी नहीं समझ पाते। बहुत से बच्चे मां-पापा से मिले इस निराशाजनक बर्ताव के हालातों में अतिवादी निर्णय ले लेते हैं। इसीलिए बच्चे जो कहना चाहते हैं उसे सुनें। कितना भी भरोसेमंद इंसान हो उसे परखें जरूर। यह भी सोचें कि दुनिया की ऊंच-नीच तक न जानने-समझने वाला मासूम बेवजह ऐसी बात क्यों कहेगा? याद रखिए कि असहज हालातों में ही बच्चे ऐसी शिकायतें आप तक लाएंगे। इतना ही नहीं ऐसे लोग खुद भी बच्चों से यही कहते हैं कि उनकी शिकायत पर कोई भरोसा नहीं करेगा। ऐसे में अभिभावकों को चाहिए कि सहज-सुरक्षित परिस्थितियों में भी बच्चों को यह भरोसा दिलाते रहें कि उनकी हर बात सुनी और समझी जाएगी। ताकि ऐसे दुर्व्यवहार को लेकर वे आप से बिना हिचक अपनी बात बता सकें, शिकायत कर सकें, उलझन से निकल सकें।

# मन-मस्तिष्क की सेहत संवारती किताबें

समय अनमोल है इसे सार्थक कार्यों में लगाने से अच्छा कुछ नहीं7 सार्थक कार्यों की सूची में सीखने-जानने और समझने के लिए पुस्तकों को दिए जा रहे वक्त से अच्छी बात क्या हो सकती है7 यह जानने-समझने के बावजूद स्क्रीन स्क्रॉलिंग की आदत ने लोगों को जीवन की सबसे सुंदर गतिविधि से दूर कर दिया है7 किताबें पढ़ने की आदत हर उम्र के लोगों में कम हुई है। पन्नों पर उतरे शब्दों के माध्यम से कुछ सीखने में रुचि घटी है। इस ओर लौटना आवश्यक है क्योंकि पुस्तकों का साथ ज्ञान, मान, स्वास्थ्य और सुकून सब कुछ देता है।

देश के किसी भी कोने में हों, पुस्तक मेले जैसा आयोजन लोगों को किताबों की दुनिया से रूबरू करवाने का माध्यम बनता है। पन्नों पर उतरे शब्दों से सच्ची मित्रता करवाता है। साथ ही ऐसे आयोजनों से जुड़ा संदेश भी दूर तक जाता है। इन दिनों पटना में चल रहे पुस्तक मेले की थीम %मोबाइल छोड़िए किताब पढ़िए% है। कोरोना विपदा के चलते तीन साल के बाद आयोजित इस पुस्तक मेले में महामारी के दौरान स्क्रीन तक थोड़ी और सिमट गई ज़िंदगी को वास्तविक दुनिया से जोड़ने का सकारात्मक आग्रह लिए है। असल में पुस्तकों के प्रति प्रेम जगाने के लिए ऐसे आग्रह और जागरूकता दोनों ही जरूरी भी हैं। प्रेम, किताबों से मिलने वाली समझ से और जागरूकता इंटरनेट को खंगालते रहने के खामियाजों को लेकर। बच्चों में नैतिक गुणों के विकास से लेकर बड़ों के विचार-व्यवहार में ठहराव और सरोकारी सोच पैदा करने तक, पुस्तकों की बहुत अहमियत है7 ऐसे में मोबाइल से दूरी बनाकर किताबों की ओर लौटने का यह संदेश वाकई मायने रखता है।

असल में देखा जाए तो पुस्तकें हमें अंधेरे से रोशनी की ओर ले जाती हैं। इंसान की सबसे अच्छी दोस्त कही जाती हैं । जीवन को परिष्कृत करती हैं। किताबों के साथ मन-मस्तिष्क दोनों को एक सुकून भरा ठहराव मिलता है। आज की बेतरतीब और भागमभाग भरी जीवनशैली में किताबें मन और शरीर दोनों की सेहत संवारती हैं। किताब पढ़ने से सिर्फ ज्ञान नहीं मिलता है, बल्कि पन्ने पलटना सेहत के लिए भी फायदेमंद है। अमेरिका में हुए एक शोध में किताब पढ़ने को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद बताया गया है। शोधकर्ता न्इसके लिए असुरक्षित संबंधों से बचें। ब्लड ट्रांसफ्यूजन के समय निश्चित कर लें कि रक्तदाता हैपेटाइटिस की बीमारी से संक्रमित न हो। अगर संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आते हैं, तो तुरंत डॉक्टर से मिलें। खान-पान का ध्यान- पोषक तत्वों से भरपूर आहार का सेवन करना जरूरी है। आहार में ऐसे खाद्य पदार्थ शामिल करें जो लिवर को डिटॉक्सीफाई करने की प्रक्रिया में सहायक होते हैं। आहार में फाइबर युक्त चीजें जैसे- हरी सब्जियां, साबुत अनाज, चोकर युक्त आटा, दलिया, ओट्स इस्तेमाल करें। सलाद खाएं। अंगूर, सेब, नीबू, संतरा, कीनू, पपीता, एवोकैडो, आंवला जैसे ताजे फल लें।

तले-भुने और मांसाहारी खाद्य पदार्थ कम से कम लें। उच्च

# सजगता से न्याय के हक को संबल

उपभोक्ता अदालतों में समयबद्ध सुनवाई होने से आम उपभोक्ताओं में अपने अधिकारों को लेकर जागरूकता बढ़ी है। किसी समय आम उपभोक्ता कोई सामान खरीदने पर उसके खराब निकलने व सेवा प्रदाता की किसी गड़बड़ी या सेवा में कमी को गंभीरता से नहीं लेता था और मन मारकर रह जाता था, लेकिन देश में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम लागू होने के बाद से उपभोक्ताओं में जागरूकता लगातार बढ़ रही है। जिसका परिणाम है कि आम आदमी खरीदी गई वस्तु के खराब होने व सेवा में कमी होने पर बड़ी कंपनियों के खिलाफ भी मोर्चा खोलने व न्यायिक लड़ाई से पीछे नहीं हट रहा है। अब वह गुणवत्ताहीन वस्तु व सेवा को स्वीकारने को बिलकुल तैयार नहीं।

साल 2019 में उपभोक्ता अधिनियम में संशोधन के बाद जिला उपभोक्ता आयोगों, राज्य व राष्ट्रीय आयोगों में उपभोक्ता प्रकरणों के निराकरण और दर्ज होने वाले मामलों, दोनों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। उपभोक्ता आयोग के समक्ष सादे कागज पर आवेदन कर परिवाद दायर किया जा सकता है। उपभोक्ता आयोग में पैरवी करने के लिए अधिवक्ता की अनिवार्यता भी नहीं है।



परिवादी चाहे तो अपने मामले की पैरवी खुद कर सकता है। लेकिन अच्छा यही है कि किसी अच्छे वकील की मदद उपभोक्ता मामलों में न्याय के लिए ली जाये। उपभोक्ता अधिनियम में संशोधन के बाद अब परिवादी अपने निवास क्षेत्र के जिला उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज करा सकता है। पहले जिस जगह सेवा में त्रुटि या कमी हुई है वहीं के जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद दायर करना होता था लेकिन अब ऐसा नहीं है। वहीं उपभोक्ता आयोग में भी मीडिएशन का प्रावधान होने के बाद मामलों के निराकरण होने की गति बढ़ी है। दरअसल उपभोक्ता अदालतों में अब छोटे-बड़े सभी मामले आने लगे हैं। जैसे एक बच्चे के जन्मदिन की पार्टी के लिए खरीदी शीतल पेय की बोतल में कीड़ा निकलने से आहत व्यक्ति ने जिला उपभोक्ता आयोग में एक नामी शीतल पेय कंपनी के खिलाफ परिवाद प्रस्तुत किया। करीब 10 वर्ष चली लड़ाई के बाद आयोग ने कंपनी पर 25 हजार रुपये हर्जाना लगाया। फोरम ने कंपनी को ठंडे की बोतल खरीदने पर खर्च किए गए आठ रुपये भी लौटाने का आदेश दिया। इसी प्रकार अपने एक परिजन को उपचार के लिए लेकर पहुंचे व्यक्ति ने अस्पताल की कैंटीन से बर्गर खरीदा। बर्गर खराब निकला तो व्यक्ति ने जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद दायर कर दिया। करीब पांच वर्ष चली कानूनी लड़ाई के बाद आयोग ने माना कि सेवा में कमी हुई है। अस्पताल पर हर्जाना लगाया गया। एक अन्य मामले में हरियाणा के फतेहाबाद जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने पीड़ित उपभोक्ता को राहत देते हुए भारतीय जीवन बीमा निगम को आदेश दिया है कि वह उपभोक्ता को बीमा पॉलिसी क्लेम के रूप में 15 लाख रुपये की राशि 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित एक माह में शिकायत दायर करने की तिथि से अदा करे। हरियाणा में सिरसा जिले के गांव नूनियावाली निवासी प्रमोद कुमार ने 10 अगस्त 2020 को उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसके भाई राजपाल ने 25 अक्तूबर 2017 को भारतीय जीवन बीमा निगम से 5151 रुपये की प्रीमियम राशि अदा करके 15 लाख रुपये का बीमा करवाया था। चार फरवरी सन 2019 को उसके भाई की मृत्यु हो गई। उक्त पॉलिसी में अपने उक्त भाई का नॉमिनी होने के नाते उन्होंने बीमा क्लेम लेने के लिए सभी आवश्यक कागजात भारतीय जीवन बीमा निगम में जमा करवाए थे। परंतु भारतीय जीवन बीमा निगम ने क्लेम देने से मना कर दिया। आयोग के अध्यक्ष व दो सदस्यों ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम को उक्त आदेश दिया। एक और मामले में पुत्र की मृत्यु के आठ साल बाद भी पॉलिसी का पैसा न मिल पाने से परेशान आगरा निवासी माता-पिता को राज्य उपभोक्ता आयोग ने बड़ी राहत दी है। उपभोक्ता राज्य आयोग के फैसले से बीमित दिवंगत पुत्र के मां-बाप को अब उसकी बीमा पॉलिसी का 14.50 लाख रुपया मिल सकेगा। राज्य आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अशोक कुमार ने चार साल से लंबित इस विवाद का निपटारा करते हुए आदेश दिया कि बीमा कंपनी पॉलिसी की पूरी देयता राशि 14.50 लाख रुपया अदा करे, साथ ही बीमित की मृत्यु की तिथि से भुगतान की तिथि तक 8 प्रतिशत वार्षिक ब्याज, वाद खर्च व मानसिक प्रताड़ना के हर्जाने के रूप में 30 हजार रुपया भी याची को चुकाएगी।

### एसपी नें किया अंधे हत्याकाण्ड का खुलासा

## बीमा की राशि एवं पैतृक जमीन हड़पने के एवज मे भाई ने की सगे भाई की हत्या

**पुष्पांजलि टुडे**

**दमोह।** जिले के बटियागढ़ थाना अंर्तगत दिनांक 24 अप्रैल को बड़ी चिराई के पास स्थित जंगल में एक व्यक्ति का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी। उक्त शव की पहचान सुरेंद्र सिंह पिता मुकुन्द सिंह निवासी ग्राम अंगारा की टपरिया के रूप में हुई। पुलिस एवं एफएसएल टीम के द्वारा मौके पर पहुँचकर घटना स्थल एवं शव का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण पर प्रथम दृष्टया मृतक की आम्स फायर से गोली मारकर हत्या करना पाया गया। जिससे मृतक के चचेरे भाई साहब सिंह निवासी अगारा की टपरिया की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूध्द थाना बटियागढ़ में अपराध क्रमांक 132/ 23 धारा 302 भा0द0वि0 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक के द्वारा प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये अज्ञात आरोपी के विरुद्ध ईनाम घोषित किया गया। प्रकरण की विवेचना के दौरान संकलित साक्ष्य मृतक के मोबाईल नंबर की कॉल रिकार्ड्स परिस्थितिजन्य साक्ष्य आदि के आधार पर मृतक के छोटे भाई वीरेंद्र सिंह पर संदेह होना पाया गया। जिससे मृतक के भाई वीरेंद्र सिंह से सघन पूछताछ की गई जिसके द्वारा अपने साथी भान सींग निवासी धौराज के साथ मिलकर अपने बड़े भाई सुरेंद्र सिंह की हत्या करना स्वीकार किया गया। आरोपी वीरेंद्र सिंह




के द्वारा बताया गया कि बड़ा भाई सुरेंद्र सिंह शराब एवं गांजा पीने का आदि था जिससे वह घर पर अनावश्यक वाद-विवाद करता रहता था तथा उसके कारण में कर्ज में डूब गया था। जिससे करीबन 6-7 माह पूर्व एक योजना बनाई थी जिसके चलते अपने बड़े भाई सुरेंद्र सिंह एवं भाभी का बीमा करा दिया था जिसकी में किश्त भर रहा था इसलिए सोचा कि भाई की चुपचाप हत्या कर दूंगा तो बीमा की लाखों रूपये की राशि एवं पैतृक जमीन मिल जायेगी और भाई की शराबखोरी से भी छुटकारा मिल जायेगा। इसी के चलते दिनांक 22अप्रैल को अपने साथी भान सीग के साथ मिलकर बड़ी चिराई के पास स्थित जंगल में अपने भाई सुरेंद्र सिंह, साथी भान सींग के साथ शराब पी और नौका देखकर भाई सुरेंद्र सिंह को अपने साथ मे लिये बारह बोर के कट्टे से गोली मार दी और फिर पुष्टि के लिये मैने और भान सींग ने सुरेंद्र का चोलिया से गला दबा दिया। किसी को संदेह नही हो तो फिर मैंने और भान सींग ने सुरेंद्र का मोबाइल फेंक दिया एवं देशी कट्टा छुपा दिये और चुपचाप अपने घर चले गये थे। फिर अगले दिन अपनी माँ को भेजकर अपनी भाई की गुमशुदगी की रिपोर्ट थाना में करवा दी थी। प्रकरण में आरोपी वीरेंद्र सिंह पिता मुकुंद सिंह लोधी उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम अगारा की टपरिया एवं आरोपी भान उर्फ चंद्रभान सिंह पिता चंदन सिंह लोधी उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम धौराज थाना बटियागढ़ की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त बारह बोर का देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, घटना स्थल तक आने जाने मे प्रयुक्त एक मोटरसाईकिल एवं भाई-भाभी के कराई गई बीमा पालिसी एवं रसीद को जप्त किया गया है। तथा आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में न्यायिक अभिरक्षा हेतु पेश किया गया है। पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार सिंह तथा एसडीओपी पथरिया आर. पी. रावत के नेतृत्व में उक्त अंधेहत्याकाण्ड के आरोपियों को पकड़ने में उत्कृष्ट एवं प्रशंसनीय कार्य करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों में उप निरीक्षक सोनाली जैन थाना प्रभारी बटियागढ़, उप निरीक्षक पी डी दुबे, उप निरी. पूरन सिंह, प्र. आर.,नर्मदा पटैल प्र. आर.,सौरभ टण्डन, प्र. आर. राकेश अठ्या आर. अक्षय मिश्रा, आर पवन तिवारी, आर. संकेत तिवारी, आर पवन यादव, आर हरिसिंह की उल्लेखनीय भूमिका रही।

## निष्कासन के बाद सिद्धार्थ मलैया कि भाजपा में पुनः वापसी





**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**दमोह।** पूर्व वित्त मंत्री जयंत कुमार मलैया के पुत्र सिद्धार्थ मलैया नें भाजपा कार्यालय भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश अध्यक्ष बी डी शर्मा कि मौजूदगी में भाजपा का दामन थाम लिया और एक बार फिर सिद्धार्थ मलैया कि भाजपा में पुनः वापसी हो गई। भाजपा में शामिल होने पर उनके समर्थकों ने स्थानीय घंटाघर पर आतिशबाजी कर एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने प र
सभी को बधाइयां दी। सिद्धार्थ मलैया के अलावा पांच और मंडल अध्यक्षों कि भाजपा में घर वापसी हुई। इस अवसर पर कपिल सोनी,हरी रजक, लालू जैन,तरुण जैन, पवन बुधौलिया,बृजेंद्र ठाकुर,राजू नामदेव गोलू साहू, गीतेश अठ्या,नीलेश पारोचे,बृजेंद्र तिवारी,लंकेश, गौरव, राजा, सिद्धार्थ सेन, सत्यम रजक,सत्यम यादव, विक्की जैन, लकी साहू, मयंक सेन,शिवम गुप्ता, निखिल चौरसिया, निखिल ठाकुर, निक्की सेन, विक्की सेन ब?ी संख्या में कार्यकर्ताओ कि उपस्थिति रही।

## वीरांगना बहनों ने अक्षय तृतीया के पर्व पर प्यासे राहगीरों को पिलाया गन्ने का रस



**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। जिले में समस्त जैन मन्दिर की महिला मण्डल के द्वारा लगतार समाज सेवा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं जिसकी लगातार प्रशंसा भी की जा रही हैं। कभी वृद्ध आश्रम पहुंचकर वृद्धों को फल,जरूरत की सामग्री का वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। तो कभी असहाय लोगों का सहयोग किया जाता है इसी तरह अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर महिला जैन मिलन कांच मंदिर क्षेत्र क्रमांक 10 की वीरांगना बहनों ने प्रातः कांच मंदिर जी में सामूहिक पूजन तथा दोपहर में प्यासे राहगीरों को गन्ने का रस पिलाया इस मौके पर मण्डल की महिलाओं ने कहा कि आज का दिन सकल जैन समाज के लिए एक विशेष महत्व रखता है। आज ही के दिन आखातीज को अक्षय तृतीया के नाम से भी जाना जाता है। जैन व अन्य सभी अपने-अपने धर्म परंपरा अनुसार इस त्योहार को मनाते हैं। जैन समाज इसे सुपात्र दान के रुप में भी मनाता है। आज के दिन दान का विशेष महत्व जैन परंपरा में बताई गई है प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ प्रभु 400 दिनों की कठोर उपवास तपस्या के बाद प्रथम पारणा सुपात्र दान के रूप में प्राप्त हुआ। इसके साथ ही दान, धर्म, तप, शील भक्ति के साथ आखातीज का त्योहार मनाया जाता है। पेय पदार्थ वितरण में क्षेत्रीय संयोजिका मधु जैन बजाज, मंत्री कल्पना जैन सदगुआ, कोषाध्यक्ष संगीता जैन चौधरी तथा ममता सुनीता साधना प्रमिला तनु अर्चना कामना अनीशा सुनीता आदि बहनों की उपस्थिति रही बाद में सभी बहनों ने मजदूर दिवस व स्थापना दिवस पर कार्य करने की चर्चा की।

## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा हिंदू राष्ट्र सपोर्ट में ज्ञापन सौंपा

**पुष्पांजलि टुडे**

**दमोह।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा हिंदू राष्ट के सपोर्ट में एसपी ऑफिस पहुंचकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा गया। दल के सदस्यों का कहना है 20 अप्रैल को दुर्गेश पटेल को धार्मिक एवं राष्ट प्रेरक लेखन कराये जाने के विषय को लेकर अवैधानिक रूप से हथकड़ी डाल कर बिना किसी शिकायत के गिरफ्तार कर कार्यपालक मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से माननीय न्यायालय द्वारा जमानत पर रिहा किया गया। विषयांतर्गत कि दुर्गेश पटेल के द्वारा कराया गया दीवाल लेखन किसी भी प्रकार से विधि विरुद्ध नहीं था और ना ही किसी अभिव्यक्ति के घर पर उसकी सहमति के बिना कराया गया था न ही किसी भी व्यक्ति द्वारा दीवाल लेखन के संबंध में कोई शिकायत लिखित या मौखिक रूप में नहीं की गई है परंतु इसके विपरीत थाना पर पदस्थ कर्मी अभिषेक चौबे, अकरम खान, तथा थाना प्रभारी के द्वारा अपने साथ 6 कर्मियों सहित दुर्गेश को विधि विरुद्ध तरीके से पुलिस के अधिकारों



का कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया गया तथा कार्यपालक दंडाधिकारी के समक्ष पेश किया गया। उपरोक्त धार्मिक एवं राष्ट हित दीवाल लेखन करने पर पदस्थ कर्मियों द्वारा कलर से उस दीवार लेखन को मिटा दिया गया तथा दीवार में जय श्री राम लिखा गया था जो पुलिस कर्मियों द्वारा सफेद चूने से पोत दिया गया जो कतई उचित नहीं है अतः ऐंसा करने वाले लोगों पर कार्यवाही की जाए।क्योंकि नगर में निवासरत शकल हिंदू समाज के लोगों में तथा हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ नगर वासियों की धार्मिक एवं राष्ट्रीय भावनाएं आहत हुई हैं तथा सभी में काफी अक्रोश है अतः आपको सूचित करते हुए अवगत कराया जाता है कि दोषी पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए 7 दिवस के अंदर उक्त घटना की विशिष्ट अधिकारियों द्वारा जांच करा कर वैधानिक कार्यवाही करने का कष्ट करें अन्यथा कार्यवाही ना होने की स्थिति में सकल हिंदू समाज एवं हिंदू संगठन नगर को बंद कराने का आंदोलन करेगा। इस दौरान ज्ञापन देने वाले सदस्यों में बजरंग दल जिला संयोजक शम्भू विश्वकर्मा, जिला सहसंयोजक विक्रम साहू, रजित जैन, जिला गोरक्षा प्रमुख गोलू चौबे, विश्व हिंदू परिषद नगर अध्यक्ष पं राम मिश्रा, जितेंद्र चक्रवर्ती, आशीष पांडे, राम रैकवार, छुट्टू यादव, सौरव यादव, निखिल राजपूत,सुधांशु खरे, जित्तू राठौर, लखन ठाकुर, तुलसीराम तिवारी, श्रवण पाठक, दुर्गेश पटेल, कुंजी पटेल, रतन ठाकुर, मौसम ठाकुर, विकास चौरसिया, आशीष शर्मा, राम दुबे, शिवम यादव, गणपत अहिरवार, कपिल चक्रवर्ती,सहित बड़ी संख्या में पधाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### कलेक्टर पहुँचे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जबेरा

## किया निरीक्षण ली जानकारी दिए दिशा-निर्देश

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह** ।कलेक्टर मयंक अग्रवाल आज दोपहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा पहुंचे। उन्होंने यहां स्वास्थ्य गतिविधियों की जानकारी लेते हुए अस्पताल का निरीक्षण किया और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने यहां पर एक्स-रे रूम पहुंचकर संबंधित तकनीकी अधिकारी से चर्चा की और हो रहे एक्स-रे के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर एसडीएम अविनाश रावत विशेष रूप से मौजूद रहे। कलेक्टर मयंक अग्रवाल इस दौरान एनआरसी कक्ष पहुंचे। यहां पर 8 बच्चे भर्ती हैं, के संबंध में जानकारी लेकर पूर्ण क्षमता में बच्चों को यहां रखने के निर्देश दिए गए। भ्रमण के दौरान कलेक्टर कोल्ड चेन रूम, प्रसव वार्ड, नवजात शिशु, एनबीएसयू



कक्ष का अवलोकन कर जानकारी ली। सीबीएमओ डॉक्टर डी.के. रॉय ने पूर्ण जानकारी प्रदान की। डॉ राय ने बताया कि ओपीडी में प्रतिदिन लगभग 100 मरीज आ रहे हैं। यहां पर डिलीवरी होती है। माह में 80 से 90 डिलीवरी हो रही हैं, हाई रिस्क डिलेवरी केस मरीज को जबलपुर भेजा जा रहा हैं। डॉ राय ने बताया कि यहां पर 45 प्रकार की जांच हो रही है, 130 से 140 जांच प्रतिदिन हो रही हैं। गर्भवती महिलाओं की जांच के संबंध में पूर्ण जानकारी दी। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के विभिन्न वार्डों, कक्षों में पहुंचकर जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान तहसीलदार डॉ विवेक व्यास, नायब तहसीलदार नीलू बागरी और राकेश अहिरवार, सीईओ जनपद पंचायत डॉ रामेश्वर पटेल साथ में मौजूद रहे।

## भाजपा नेता राहुल कटारे की माताजी के निधन पर वरिष्ठ नेताओं ने शोक व्यक्त किया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता हजूर विधानसभा क्षेत्र से विधायक पूर्व प्रोटेम स्पीकर रामेश्वर शर्मा अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत भिण्ड जिले के विधानसभा क्षेत्र अटेर के गांव मनेपुरा में पहुंचकर भाजपा नेता राहुल कटारे के माताजी रामबेटी कटारे के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार को ईश्वर से आत्म शांति की प्रार्थना करते हुए ढांढस बंधाया। वही मध्य प्रदेश सरकार में पूर्व मंत्री पार्टी के वरिष्ठ नेता अनूप मिश्रा,भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिंड दतिया सांसद संध्या राय,नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया, पार्टी जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया, सहित कई पार्टी के कार्यकर्ता एवं नेतागण शामिल हुए।हजूर विधानसभा क्षेत्र से विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रामेश्वर शर्मा के भिंड आगमन के दौरान मेहगांव में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा उनका अभूतपूर्व स्वागत करते हुए पुष्पमालाओं के साथ अगवानी की गई । किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य उपेंद्र सिंह भदौरिया



राज्जन,जिला महामंत्री धीर भदौरिया,जिला उपाध्यक्ष सुधा राठोर, पार्टी के महामंत्री कालीचरण शाक्य, प्रभात किशोर दुबे, कार्यकर्ता शामिल थे एवं अटेर क्षेत्र के मसूरी बस स्टैंड पर किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य संतोष सिंह मसूरी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं द्वारा उनका पुष्प हार पहनाकर स्वागत किया और वीरगति को प्राप्त हुए शहीद शहीद हुए भारतीय सेना के हवलदार रणवीर सिंह भदौरिया की प्रतिमा माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक श्री शर्मा ने कहा कि आगामी मिशन 2023 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी विकास और प्रकृति को लेकर चुनावी मुद्दा बनाकर लड़ेगी यही संकल्प लेकर कार्यकर्ता जनता के बीच पहुंचेंगे और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। प्रदेश की शिवराज सरकार सब वर्ग समाज के विकास के लिए अपने अंतोदय योजनाओं के साथ व्यक्ति को आत्मनिर्भर विकास की मुख्यधारा से जुड़ रही है।

## पुलिस द्वारा चलाया जा रहा है, यातायात जागरूकता अभियान



**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । पीटीआरआई पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे व नगर पुलिस अधीक्षक महोदय के मार्गदर्शन में दिनांक 24/04/23 से दिनांक 30/04/23 तक सडक दुर्घटनाओं को कम करने एवं यातायात नियमों के प्रति आम जनता को जागरूक करने हेतु दिनांक 24/04/23 से 27/04/23 को विशेष अभियान के दौरान यातायात पुलिस भिण्ड के द्वारा विद्यावती पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ को यातायात नियम एवं संकेतो के बारे में जानकारी दी गई । यातायात के नियमों के पालन हेतु सभी को शपथ दिलाई गई, इसके साथ ही ओव्हर स्पीडिंग एवं ड्रिक एंड ड्राइव पर पुलिस कैसे कार्यवाही की जाती है इस संबंध में इंटरसेप्टर वाहन एवं ब्रीथ एनालायजर के द्वारा सभी को जानकारी दी गई,इसी तारतम्य में थाना अटेर, फूफ, ऊमरी आदि थानों के द्वारा भी यातायात जागरूकता संबंधी अभियान चलाया जाकर स्कूल / कॉलेज आदि में जागरूक किया एवं यातायात जागरूकता सबंधी पंपलेट वितरण किये गये, इसके अतिरिक्त वाहन चालकों को यातायात नियम के बारे में समझाईश दी गई एवं यातयात नियमों का पालन न करने वाले 517 वाहन चालकों के चालानकता किया जाकर 358800/- रूपये का समन शुल्क वसूला गया।

उक्त अभियान के दौरान वाहन द्वारा ध्वनि प्रदूषण करना, खतरनाक तरीके चलने वाले वाहन, माल वाहन में वॉडी से ऊँचा लम्बा माल होना, दो पहिया वाहन पर बिना हेलमेट एवं तीन सवारी बैठाकर चलना वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग न करना, ओव्हर स्पीडिंग करना, एवं नाबालिग वाहन चालाकों के विरूद्ध कार्यवाही एवं अवैध ऑटो रिक्साओं पर भी कार्यवाही की गई एवं साथ ही यातायात नियमों का पालन करने संबंधी समझाईश भी दी गई।

## लहार नपा प्रशासन द्वारा मोहनलाल के तोड़े गए मकान का भाजपा नेताओं ने किया निरीक्षण

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** मध्य प्रदेश सरकार में पूर्व मंत्री एवं टीकमगढ़ विधायक चंबल संभाग के संगठन प्रभारी हरिशंकर खटीक, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य जिला संगठन के प्रभारी जयप्रकाश राजौरिया,जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया भाजपा जिला बैठक की समाप्ति के बाद लहार के लिए रवाना हुए जहां पर नगर पालिका प्रशासन द्वारा भाजपा कार्यकर्ता ओबीसी समाज से जुड़े मोहन झा का मकान तोड़े जाने यह घटना की जानकारी मिलते ही उनके निवास स्थान पर पहुंचे क्षतिग्रस्त मकान का निरीक्षण करते हुए घटना की संपूर्ण जानकारी ली।घटनास्थल पर संभागीय प्रभारी विधायक हरिशंकर खटीक ने लहार के घटनाक्रम पर कहा कि कांग्रेस विधायक और नेता प्रतिपक्ष अधिकारियों को दबाव में लाकर पिछड़ा वर्ग समाज के पार्टी कार्यकर्ता मुन्नालाल झा के मकान को तु?वाना और जनता और कार्यकर्ताओं में दहशत का माहौल बनाना यह उनकी ओछी मानसिकता को प्रदर्शित करता है, इस घटना को प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान




,प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने अपने संज्ञान में लाकर कार्यकर्ता को न्याय दिलाने के लिए कार्य किया है कोई भी कांग्रेस नेता हो या अन्य विरोधी दल हो कार्यकर्ताओं पर किसी भी प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार और प्रदेश का संगठन लहार क्षेत्र के प्रत्येक कार्यकर्ता के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़ा है उन्होंने कहा जो अभी तक लहार में होता आ रहा है वो अब नहीं होगा, पार्टी कार्यकर्ता जनता की सेवा भाव के लिए लगे रहे और संगठन कार्य को लहार के प्रत्येक बूथ पर आगे बढ़ा कर अपनी शक्ति को मजबूत करें।उन्होंने कहा कि लहार क्षेत्र के वरिष्ठ नेतृत्व एवं छोटे से बड़े सभी कार्यकर्ताओं संगठन के लिए सर्वप्रिय है ,बड़े उत्साह के साथ उन्होंने पिछड़ा वर्ग कार्यकर्ताओं को साथ देने के लिए एकजुट , एक लक्ष्य एक जुट होकर कार्य किया है,ऐसे ही कार्यकर्ताओं का मनोबल ऊंचा करते रहे हमें किसी से भी डरना नहीं है भाजपा का प्रदेश नेतृत्व और सरकार जनता और कार्यकर्ताओं को न्याय दिलाने के लिए संकल्पित है।उनके साथ विधानसभा संयोजक नवल किशोर मिश्रा मंडल अध्यक्ष जबर सिंह कुशवाहा एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश महाते प्रमुख रूप से उपस्थित थे ।

बीमार बेटी खुशबू साहू की जान खतरे में

## परिवारों का जीवन भगवान के भरोसे चल रहा है



संवाददाता हेमचंद नागेश

**राजिम।** गरियाबंद जिले के धर्म नगरी नगर पंचायत राजिम के मां शारदा वार्ड जहां कई वर्षों से अज्ञात बीमारी से पीड़ित बेटी खुशबू साहू की सुध लेने आज तक जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी नहीं पहुंच पा रहे हैं जब उनकी दुख दशा की जानकारी गरियाबंद जिले के इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी संरक्षक समाजसेवी मनोज पटेल को होते ही मुलाकात करने तत्काल उनके घर पहुंचे तो बिस्तर के नीचे बीमार तड़प रही बेटी को जब समाजसेवी ने देखा तो उनकी आंखो मे आसूं से नम हो गया और उनके पिताजी अनूप साहू (54) वर्षीय को पूछने पर उन्होंने बताया कि 5वर्षों से मेरी बेटी बीमार है मैं खुद पीड़ित दिव्यांग हूं और घर में ही पड़ा रहता हूं मेरा खुद का तबियत बहुत ज्यादा बिगड़ा हुआ है और मेरी बेटी तो अब मौत से जूझ रही है लेकिन मदद करने कोई हमारे घर तक नहीं पहुंच पा रहे हैं न हीं समाज के लोग भी मदद कर रहे है आखिर अपना दुख दर्द किसे सुनाए मेरी पत्नी हीराबाई अकेली मेहनत मजदूरी करके हम लोगों को जिंदा रखने के लिए लोगों को गिड़गिड़ा गिड़गिड़ा कर मदद मांगने लगी रहती है अब हमारे बेटी की स्थिति इतना बिगड़ती जा रही है जिसके चलते हम उन्हें शायद बचा पाएंगे समाजसेवी मनोज पटेल ने कहा भगवान ने मुझे कोई बड़ा आदमी तो नहीं बनाया हैं लेकिन फिर भी मैं अपने मेहनत प्रयास से शासन प्रशासन तक आपके परिवार की मदद के लिए केंद्र व राज्य सरकार से गुहार लगाऊंगा।

## शासकीय प्राथमिक शाला झरगांव तेतलपारा पहुंचे संकुल प्राचार्य श्री अभय कश्यप प्राथमिक शाला का लिया जायजा

संवाददाता हेमचंद नागेश



गरियाबंद जिला मैनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत झरगांव के संकुल प्राचार्य श्री अभय कश्यप जी प्राथमिक शाला तेतलपारा पहुंच कर शाला का पूरा जानकारी लिया एवं मध्यान भोजन राशन भौतिक सत्यापन किया श्री अभय कश्यप ने मध्यान भोजन कक्ष जाकर छात्रों के लिए भोजन के बारे में पूछा और कहा छात्रों सही समय में मध्यान भोजन देने को कहा उसके बाद प्राथमिक शाला तेतलपारा के शिक्षकों से मिल कर बच्चों को अच्छे ज्ञान देने को कहा सभी बच्चों को अपने बच्चे समझ कर पढ़ाए स्कूल में देख भाल करें बच्चों का ध्यान रखें एवं बच्चों के हर कमी पूरा करे स्कूल की साफ सफाई पर विषेश ध्यान रखें कहा सभी छात्र छात्राओं से मिल कर पढ़ाई में फोकस करने का प्रेरित किया। प्राथमिक शाला तेतलपारा के समस्त शिक्षक प्रधान पाठक देवनारायण ध्रुवा, सुरेश चंद्र टांडील, गोकुलराम बघेल, गोविंद यादव, चंद्रकांति नागेश, एवं समस्त स्कूल स्टाफ ने श्री अभय कश्यप जी का आभार जताया।

## ओबीसी महासभा ने दिया ज्ञापनःट्रांसजेंडर को ओबीसी कैटेगरी से हटाए जाने की मांग

कैलारस ,जानकारी के अनुसार बता दें कि ट्रांसजेंडर को ओबीसी कैटेगरी में शामिल करने को लेकर अब जिले में भी विरोध होने लगा है। जिले में ओबीसी महासभा ने सरकार के इस फैसले का विरोध करते हुए बुधवार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। ओबीसी के पदाधिकारियों ने तहसील कैलारस में सीएम के नाम ज्ञापन देते हुए प्रदेश में ट्रांसजेंडर को ओबीसी वर्ग से हटाने की मांग की है। साथ ही कहा है कि ट्रांसजेंडर को अलग से आरक्षण दिया जाए। ओबीसी महासभा जिला अध्यक्ष उम्मेद सिंह डौजी ने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार ने 11 अप्रैल को एक प्रस्ताव पास किया है, जिसमें ट्रांसजेंडर को पिछड़े वर्ग में शामिल कर लिया गया है, जबकि कर्नाटक सरकार ने ट्रांसजेंडर को अलग से आरक्षण दिया है। ओबीसी जिला अध्यक्ष उम्मेद सिंह ने प्रदेश सरकार से कर्नाटक सरकार की तरह ही ट्रांसजेंडर को अलग से आरक्षण दिए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि अभी ओबीसी का 14 परसेंट आरक्षण है। अगर सरकार इसमें किसी और वर्ग को शामिल करने से वह आरक्षण और कम हो जाएगा, इसलिए ट्रांसजेंडर को अलग से आरक्षण दिया जाए। हमारे वर्ग में शामिल नहीं किया जाए। उपरोक्त मांग सहित 21 सूत्रीय मांग पत्र ओबीसी महासभा ने तहसीलदार कैलारस को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा इस अवसर पर कार्यक्रम में सिया राम कुशवाह ललित कुशवाहा मुकेश कुशवाह अनिल राठौर धर्मेंद्र, घनश्याम,लाखन ,नरेन्द्र ,रत्नेश ,कमलकिशोर, सहित ओबीसी महासभा के सैक

## शस्त्र लेकर चलने एवं हर्ष फायर पर दण्डप्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत् प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** जिला दण्डाधिकारी डॉ सतीश कुमार एस ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर कहा है कि प्रायः यह देखने में आया है कि भिण्ड जिला अन्तर्गत अधिकांश लायसेंसी शस्त्र धारक अपने लायसेंसी हथियारों को सार्वजनिक स्थानों / मार्गों पर खुला लेकर एवं प्रदर्शन करते हुये आवागमन करते हैं, जिसके कारण आमजन भयभीत एवं असुरक्षित महसूस करते हैं। इसके अतिरिक्त सामाजिक समारोहों आदि में शस्त्रधारकों द्वारा लायसेंसी शस्त्रों से हर्ष फायर किये जाते हैं जिसके फलस्वरुप पूर्व में अनेकों घटनायें घटित हो चुकी हैं, उक्त घटनाओं में कई व्यक्ति गंभीर रुप से घायल हुए हैं तथा अनेकों व्यक्तियों की मृत्यु भी हुई है। चूंकि भिण्ड जिलें में लायसेंसी हथियारों की संख्या बहुत है साथ ही भिण्ड जिले में बन्दूक लेकर अनावश्यक आवागमन व प्रदर्शन तथा हर्ष फायर करने का प्रचलन देखा गया है। अतः भिण्ड जिले में सार्वजनिक स्थानों / मार्गों पर एवं अन्य समारोहों के दौरान बन्दूक लेकर चलना एवं समारोह के दौरान हर्ष फायर करने पर दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 जाफौ के अन्तर्गत प्रतिबन्ध लगाये जाने की आवश्यकता है।ऐसी स्थिति को दृष्टिगत रखते हुये आयुध अधिनियम 1959 एवं आयुध नियम 2016 के नियम 112 में निहित सामान्य शर्तों के अतिरिक्त जारी अनुज्ञप्ति में वर्णित शर्त (7) एवं ( 8 ) पर बल देते हुये मैं, आवश्यक समझता हूँ कि भिण्ड जिले की राजस्व सीमाओं के अन्तर्गत लायसेंसी हथियारों को सार्वजनिक स्थानों / मार्गों तथा अन्य सामाजिक समारोहों आदि में लेकर चलने अथवा प्रदर्शन तथा हर्ष फायर करने पर पूर्णतः प्रतिबंधित करने की कार्यवाही की जाये, जिससे कोई अप्रिय घटना घटित होने का अन्देशा न रहे, उक्त घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने हेतु प्रतिबन्धात्मक आदेश प्रसारित करने की आकस्मिकता की मुझे पूर्ण तुष्टि होने से प्रतिबन्धात्मक आदेश तत्काल प्रसारित किया जाना अपरिहार्य है।चूँकि उपरोक्त परिस्थितियों के निवाणार्थ एवं उपचारार्थ तत्काल रूप से प्रतिबन्धात्मक आदेश प्रसारित किया जाना आवश्यक है। ऐसी स्थिति में सभी प्रभावित व्यक्तियों या संबंधित प्रत्येक व्यक्ति को व्यक्तिशः सूचना देकर सुना जाना संभव नहीं है। अतः यह आदेश दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के प्रावधानों के अन्तर्गत एक पक्षीय रूप पारित किया जाता है।जिला दण्डाधिकारी जिला भिण्ड डॉ सतीश कुमार एस ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत् भिण्ड जिले की समस्त सीमाओं के अन्तर्गत यह आदेश जारी कर कहा है कि कोई भी व्यक्ति / शस्त्र धारक अपने लायसेंसी शस्त्र को सार्वजनिक स्थानों / मार्गों पर खुला लेकर नहीं चलेगा एवं प्रदर्शन नहीं करेगा और ना ही प्रयास करेगा।कोई भी व्यक्ति, समूह या संगठन अन्य सामाजिक समारोहों आदि में शस्त्र लेकर नहीं चलेगा, और न ही शस्त्र लेकर प्रदर्शन करेगा एवं न ही हर्ष फायर करने का प्रयास करेगा। शस्त्र लेकर आवागमन करने की आवश्यकता होने पर शस्त्र को पूर्णतः कप? में ढ़का अथवा शस्त्रदानी ( शस्त्र का कबर) में होना आवश्यक होगा। खुला शस्त्र लेकर चलना पूर्णतः प्रतिबंधित होगा।सुरक्षा एवं कर्तव्य पालन के समय लगे सुरक्षा बल, अर्द्धसैनिक बल, पुलिस बल, नगर सैनिक बल आदि पर तथा विशिष्ट व्यक्तियों, अधिकारियों की सुरक्षा हेतु लगाये पुलिस एवं अन्य शासकीय बल पर प्रभावशील नहीं होगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक प्रभावशील होगा। आदेश का उल्लंघन करने की दशा में भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 तथा अन्य अधिनियमों के प्रावधानों के अंतर्गत संबंधित के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

## दंतेवाड़ा की नक्सल घटना पर मुख्यमंत्री की राजनीतिक बयानबाजी पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने दिया जवाब

### जवानों की शहादत पर राजनीतिक बयानबाजी करना दुर्भग्यपूर्ण डॉ रमन सिंह

**रायपुर।** दंतेवाड़ा के अरनपुर में नक्सलियों द्वारा किये गए आईईडी ब्लास्ट पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बयान कि हमारे जवान लड़ते हुए शहीद हुए पहले कैंप में बिना लड़े शहीद हो जाते थे। उनके इस बयान पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि दंतेवाड़ा की नक्सल घटना प्रदेश के लिए बहुत ही दुखद और कठिन समय है छत्तीसगढ़ के 11 परिवारों के घर में मातम छाया हुआ है उनके परिजनों के प्रति मैं अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं किसी परिवार ने अपना बेटा , भाई, और किसी ने पति खोया है। ऐसे शोक के क्षण में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजनीति कर रहे हैं यह दुर्भाग्य है, उन्होंने कहा कि पहले और आज की स्थिति की तुलना नहीं हो सकती शहादत तो शहादत होती है अपनी बहादुरी से छत्तीसगढ़ के जवान पहले भी ल?ते थे और आज भी ल?ते हुए शहीद हुए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीदों की तुलना नहीं की जा सकती ना ही पुलिस के शौर्य को तौला नहीं जा सकती है।पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर से सरगुजा तक क्या स्थिति थी वो जनता को याद है, जब सरगुजा में दिन में निकलना कठिन हो जाया करता था, किस प्रकार पूरा बस्तर प्रभावित था। आज जो परिस्थिति में बदलाव आया है, वह हमारी पुलिस जवान के साहस एवं शौर्य की वजह से बदलाव आया है।

## दंतेवाड़ा के नक्सली हमले में शहीद हुए जवानो को गोहरापदर में भाजपाइयों सहित ग्रामीणों ने दी श्रद्धांजली



संवाददाता हेमचंद नागेश

**गोहरापदर** छत्तीसगढ़ में दंतेवाड़ा ज़िले के अरनपुर में बीते मंगलवार को हुई नक्सली घटना में वीरगति को प्राप्त हुए जवानों को गोहरापदर के बजरंग चौक में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीणों ने मोमबत्ती जलाकर एवं दो मिनट का मौन रखकर नमन किया।ज्ञात हो कि बीते मंगलवार को छत्तीसगढ़ को दहला देने वाली घटना हुई और प्रदेश के घोर वनांचल क्षेत्र अरनपुर में मंगलवार दोपहर डीआरजी के 10 जवानो सहित 11 व्यक्तियों की नक्सलियों द्वारा रचे षड्यंत्र से आईडी ब्लास्ट में जान चली गई।बहरहाल लंबे समय बाद नक्सलियों ने इतनी बड़ी घटना को अंजाम दिया है जिससे शासन प्रशासन में हड़कम्प मचा हुआ हैं।इस दौरान भाजपा ज़िला महामंत्री पुनीतराम सिन्हा और भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी ने जवानो पर हुए हमले की घोर निंदा की और शहीदों को नमन किया।शहीदों को श्रद्धांजली अर्पित करने वालों में महामंत्री तानसिंह माँझी,खेमराज सिन्हा,धनीराम सिन्हा,देवीसिंह पटेल,पदमन नागेश,बेनुराम नागेश,कीर्तनराम यादव,गुनसागर यादव,वेदमल पांडे,दाऊलाल यादव,बीरबल बघेल,नाको यादव,केसरी दौरा,हेमनाथ यादव,दुर्गाप्रसाद मिश्रा,प्यारेलाल कश्यप,चंदर दौरा उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने किया सोशल मीडिया पर प्रतिबंधात्म आदेश जारी

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** आगामी माह में क्रमशः बुद्ध पूर्णिमा, ईदुज्जुहा आदि त्यौहार मनाये जायेंगे। जिसमें सभी वर्ग, समुदाय एवं धर्मो के लोगों के द्वारा सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, व्हाट्स-एप, ट्वीटर, एस.एम.एस., इन्स्टाग्राम आदि के माध्यमों से सूचनाओं का आदान प्रदान किया जायेगा तथा कुछ शरारती असामाजिक तत्वों के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से भ्रामक व आपत्तिजनक संदेशों/ सूचनाओं का अनावश्यक आदान-प्रदान कर धार्मिक भावनाओं को भडकाने, जातिगत विद्वेष फैलाने, साम्प्रदायिकता को ठेस पहुंचाने एवं सामाजिक सौहार्द ध्वस्त करने की स्थिति उत्पन्न की जा सकती है। ऐसी परिस्थितियों में किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। अतः इन परिस्थितियों में शांति, सुरक्षा व्यवस्था एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण बनाये रखने हेतु दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अन्तर्गत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जाना अपरिहार्य है। मुझे उक्त तथ्यों की तुष्टि होती है कि उक्त त्यौहारों के दौरान असामाजिक व शरारती तत्वों द्वारा इन्टरनेट तथा सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्वीटर, एस.एम.एस. इन्स्टाग्राम इत्यादि के माध्यमों का दुरूपयोग कर धार्मिक भावनाओं को भडकाने, जातिगत विद्वेष फैलाने, साम्प्रदायिकता को ठेस पहुंचाने एवं सामाजिक सौहार्द ध्वस्त कर सकते हैं, जिससे समाज में भय एवं असुरक्षा महसूस हो सकती है तथा कोई अप्रिय घटना होने की आशंका बन सकती है। ऐसी स्थिति में मैं, यह आवश्यक समझता हूं कि भिण्ड जिले के अन्तर्गत असामाजिक व शरारती तत्वों द्वारा इन्टरनेट तथा सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर धार्मिक, साम्प्रदायिक, जातिगत एवं सामाजिक विद्वेष तथा दुर्भावना पूर्ण संदेशों के प्रसारण को पूर्णतः प्रतिबंधित करने के लिये तथा लोक परिशांति बनाये रखने हेतु प्रतिबन्धात्मक कार्यवाही की जाये।चूंकि आगामी त्यौहारों में सामुदायिक एवं धार्मिक सद्भावना तथा लोक परिशांति बनाये रखने के लिये तत्काल रूप से प्रतिबन्धात्मक आदेश प्रसारित किया जाना आवश्यक है। ऐसी स्थिति में सभी प्रभावित व्यक्तियों एवं संबंधित प्रत्येक व्यक्ति को व्यक्तिशः सूचना देकर सुना जाना संभव नहीं है। अतः यह आदेश दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 में प्रावधानों के अन्तर्गत एकपक्षीय रूप से पारित किया जाता है।जिला दण्डाधिकारी जिला भिण्ड डॉ सतीश कुमार एस ने राजस्व सीमाओं के भीतर दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के आधीन यह प्रतिबन्धित आदेश प्रसारित कर कहा है कि- कोई भी व्यक्ति विभिन्न इन्टरनेट तथा सोशल मीडिया के प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्वीटर, एस.एम.एस., इन्स्टाग्राम इत्यादि संसाधनों का दुरूपयोग धार्मिक भावनाओं को भडकाने, जातिगत विद्वेष फैलाने, साम्प्रदायिकता को ठेस पहुंचाने एवं सामाजिक सौहार्द ध्वस्त करने के लिये नहीं करेगा।कोई भी व्यक्ति उपरोक्त वर्णित सोशल मीडिया में किसी भी प्रकार के पोस्ट, संदेश, चित्र, ऑडियो या वीडियो सम्मिलित हैं, जिसमें धार्मिक भावनाओं को भडकाने, जातिगत विद्वेष फैलाने, साम्प्रदायिकता को ठेस पहुंचाने एवं सामाजिक सौहार्द ध्वस्त करने भावनायें भडक सकती हैं, को प्रसारित नहीं करेगा या नहीं भेजेगा।सोशल मीडिया के किसी भी पोस्ट जिसमें धार्मिक भावनाओं को भडकाने, जातिगत विद्वेष फैलाने, साम्प्रदायिकता को ठेस पहुंचाने एवं सामाजिक सौहार्द ध्वस्त करने की भावना भडकती हों, को लाइक या फारवर्ड नहीं करेगा। ग्रुप एडमिन की व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी कि वह ग्रुप में इसप्रकार के संदेशों को रोके। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने की दशा में संबंधित के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 तथा अन्य अधिनियमों के अन्तर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

## अपने समस्त कार्यक्रम रद्द कर शहीदों को श्रद्धांजलि देने दंतेवाड़ा पहुंचे ओम माथुर ,जर्जर हो चुकी कानून व्यवस्था संभाले कांग्रेस सरकारः ओम माथुर

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर बुधवार को दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर में नक्सली ब्लास्ट में शहीद हुए जवानों व वाहन चालक को श्रद्धांजलि देने अपने समस्त कार्यक्रम रद्द कर गुरुवार को दंतेवाड़ा पहुंचे। श्री माथुर ने गुरुवार को दंतेवाड़ा में आहूत दंतेवाड़ा जिला की भाजपा की बैठक व स्वागत कार्यक्रम स्थगित कर शहीद 10 डीआरजी जवानों का एक वाहन चालक की पार्थिव काया के अंतिम दर्शन कर अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। वे शहीद जवानों को दी गई अंतिम सलामी के कार्यक्रम में भी शरीक हुए।भाजपा प्रदेश प्रभारी श्री माथुर ने बाद में नक्सली हिंसा में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि जिस प्रकार आदिवासी बहुल बस्तर क्षेत्र की रक्षा हेतु इन जवानों ने अपनी कुर्बानी दी, उनका यह बलिदान अमर रहेगा। देश और भाजपा कार्यकर्ता सदैव उन्हें स्मरण करेंगे। श्री माथुर ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार राज्य में जर्जर हो चली कानून-व्यवस्था को दुरुस्त करे। पिछले लंबे समय से बस्तर में नक्सली 'टारगेट किलिंग' कर रहे हैं। श्री माथुर ने कहा कि जवानों की पुख्ता सुरक्षा के लिए प्रदेश सरकार को चिंतापूर्वक व्यवस्था करनी चाहिए। इस लिहाज से केंद्र सरकार के साथ प्रदेश सरकार कोई ऐसा रणनीतिक सिस्टम बनाए कि अब आगे इस तरह की कोई घटना न हो। इसके लिए राजनीतिक नजरिए को परे रखकर काम करना चाहिए।भाजपा प्रदेश प्रभारी श्री माथुर के साथ भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप, पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा सहित भाजपा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों ने दंतेवाड़ा पहुंचकर शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

जीतो युवाओं द्वारा तीन दिवसीय सर्फ़िंग का आयोजन

## उडुपी के पास मुल्की में हुई सर्फ़िंग

पुष्पाजंली टुडे

**बेंगलुरू ।**जीतो बैंगलुरु नार्थ की युवा विंग द्वारा समुदाय में पानी के खेल एवं सर्फ़िंग का डर दूर करने के उद्धेश्य से अनुभवी प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में उडुपी के पास स्थित मुल्की में युवा सदस्यों के लिये तीन दिवसीय सर्फ़िंग का आयोजन किया गया। भारत में सर्फ़िंग की राजधानी कहे जाने वाले मुल्की के इंडिका सर्फ स्कूल की मेजबानी में यह आयोजन किया गया। 60 सदस्यों के दल को जीतो बैंगलुरु नार्थ के राजाजीनगर स्थित कार्यालय से जीतो पदाधिकारियों ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जीतो अपेक्स निदेशक व युवा संयोजक विनोद जैन ने इस तरह की शानदार पहल पर युवा विंग की सराहना की। जीतो बैंगलुरु नार्थ के अध्यक्ष इंदरचंद बोहरा व महामंत्री सुधीर गादिया ने कहा कि पढ़ना और व्यापारकी ओर रूख कर लेने की समाज में एक की आम धारणा को तोड़ते हुए आज का युवा रोमांचकारी और साहसी खेलों में अपनी भागीदारी को बढ़ा रहा है। सर्फ़िंग दल को झंडी दिखाने के अवसर पर केकेजी जोन महामंत्री दिलीप जैन, नार्थ उपाध्यक्ष राजेश मुथा व सुभाष खीवेसरा, कोषाध्यक्ष विजय सिंघवी, सह कोषाध्यक्ष मिश्रीमल कटारिया, सचिव विमल कटारिया, जोन महिला संयोजक यश्मा जैन,



साउथ महिला अध्यक्ष सुनीता गांधी,नार्थ महिला अध्यक्ष बिंदु रायसोनी, महामंत्री सुमन वेदमुथा व कोषाध्यक्ष मधु कटारिया भी उपस्थित थे।आयोजन के संयोजक निकिता बड़ेरा एवं रूषाली जैन के अनुसार लीक से हटकर एवं रोमांच से भरपूर तथा पूरी सुरक्षा के साथ आयोजित इस तीन दिवसीय सर्टिफाइड कोर्स के आयोजन के लिये पहल, समन्वय एवं निष्पादन के कार्य में युवा अध्यक्ष मनीष कोठारी एवं महामंत्री खुशी पोरवाल का मार्गदर्शन तथा उपाध्यक्ष निशांत जैन व ऋषभ बोहरा, समिति सदस्य यश मेहता, अभिषेक जैन व आशीष टपरावत का निरंतर सहयोग मिला।उन्होंने बताया कि तीन दिनों के आयोजन में पंजीकृत प्रतिभागियों को सर्फिंग की मूल बाते समझाई गई तथा सर्फिंग की तकनीक व व्यावहारिक अनुभव से अवगत कराया गया। प्रथम दिन समुंद्र तट पर बॉन फ़ायर एवं सूर्यास्त देखना, दूसरे दिन की शुरुआत सर्फिंग पाठ से हुई व शाम में उडुपी के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण तथा तीसरे दिन साहस के साथ लंबी सर्फिंग प्रतियोगिता के साथ आयोजन का समापन हुआ।

जीतो बैंगलुरु नार्थ के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ बोहरा के अनुसार तीन दिनों के प्रशिक्षण से युवा आत्मविश्वास के साथ सर्फ पर तैरने और लहरों को पार करने में सक्षम बने। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। उनके अनुसार जीतो बैंगलुरु नार्थ के युवाओं द्वारा आयोजित होने वाले ओलंपिक खेलों की सर्फिंग से शुरुआत भर हुई है।



### शहीदों को श्रद्धांजलि

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री अरुण साव जी निर्देशानुसार बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा जिला में अरनपुर में नक्सलियों द्वारा किए गए ब्लास्ट में शहीद हुए जवानों की शहादत को नमन करते हुए छत्तीसगढ़ भाजपा के सभी जिला मुख्यालयों में दिनांक 27 अप्रैल दिन गुरुवार 4 बजे से 7 बजे के बीच सार्वजनिक स्थानो व जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम होगा।रायपुर जिला में शाम 6 बजे जय स्तंभ चौक पर जवानों को श्रद्धांजलि दी जायेगी।

भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़

# अबीर को बचाने के लिए सबसे लड़ेगा अभिमन्यु

## आरोही का पता चलेगा सच

अभिनव अभिमन्यु से बात करने के लिए परेशान है वह कहता है कि दोस्त मुझे तुमसे कुछ बात करनी है तो इस पर अभि कहता है कि मुझे पहले अबीर को बचाने के लिए सर्जरी करनी है मैं नहीं चाहता कि अबीर को कुछ भी हो। सीरियल ये रिश्ता क्या कहलाता है में इन दिनों लगातार नए-नए ड्रामें देखने को मिल रहे हैं, इस सीरियल में इन दिनों कहानी अभिमन्यु और अबीर के इर्द -गिर्द घूम रही है. सीरियल में दिखाया जा रहा है कि



अभिममन्यु को अपने बेटे अबीर की सच्चाई का पता चल गया है कि अबीर उसका ही बेटा है। इस खबर के मिलते ही अभिमन्यु खुशी से रोने लगता है और उसे अमेरिका लेकर न जाने के लिए प्लानिंग करता है और अपने आप से वादा करता है कि वह अबीर को सर्जरी करके बचाएगा। वहीं दूसरी तरफ अभिनव अभिमन्यु से बात करने के लिए परेशान है वह कहता है कि दोस्त मुझे तुमसे कुछ बात करनी है तो इस पर अभि कहता है कि मुझे पहले अबीर को बचाने के लिए सर्जरी करनी है मैं नहीं चाहता कि अबीर को कुछ भी हो। इस बात को अस्पताल में मौजूद अक्षरा और आरोही दोनों सुन लेती है, आरोही इस बात को सुनते ही बाहर चली जाती है तो वहीं अक्षरा अभिमन्यु में अबीर को लेकर बहस होने लगती है। वहीं दूसरी तरफ अभिमन्यु आरोही से अपनी शादी को आगे बढ़ा देता है जिससे मंजरी नाराज हो जाती है. रूही सवाल करती है कि आप शादी को क्यो टाल रहे हैं।

# अनुज को अपना बनाने के लिए माया करेगी प्लानिंग

## पाखी देगी करारा जवाब

सीरियल अनुपमा में इन दिनों देखने को मिल रहा है कि अनुज और अनुपमा एक-दूसरे से अलग हो गए हैं, फैंस दोनों को एक साथ देखने के लिए तरस रहे हैं, बता दें कि अनुज और अनुपमा को मिलाने की कोशिश कर रहा है अंकुश लेकिन बरखा और माया इस प्लान को सफल नहीं होने दे रही हैं। बता दें कि सीरियल में आने वाले ट्विस्ट यहीं खत्म नहीं होते हैं, आगे सीरियल में दिखाया जाएगा कि अनुज अनुपमा तो नहीं मिल पाते हैं लेकिन उनकी इस खबर से माया और बरखा प्लान करती हैं कि अनुज अनुपमा को प्यार नहीं करता है पहले की तरह इसलिए अब इन लोगों को मिलना संभव नहीं है। बरखा इस बात को माया को बताती है लेकिन बरखा बताती है कि दोनों एक-दूसरे से मिल नहीं पाएं हैं, इस खबर के सामने आते ही दोनों अनुपमा के



खिलाफ साजिश रचने लगती हैं। बता दें कि अनुपमा अनुज से अलग होने के बाद से अपने लाइफ को बदलकर आगे बढ़ने की कोशिश में लगी हुई है. हर दिन वह नया प्रयास कर रही है, लेकिन बरखा और माया अनुज से अनुपमा को हमेशा के लिए दूर करना चाहती है, जिसकी जानकारी कही न कही अंकुश को हो चुकी है। वहीं पाखी कपाड़िया हाउस में जाकर कहती है कि मुझे उस दिन का इंतजार है जिस दिन अनुपमा अनुज वापस आएंगे तो बाकी लोगों को समान उठाकर मैं बाहर फेंक दूंगी।

# अलिफ लैला से बालवीर 3 तक इंडस्ट्री में बहुत बदलाव आ गया : श्वेता रस्तोगी

अलिफ लैला' जैसे फैंटेसी ड्रामा का हिस्सा बनने के बाद अभिनेत्री श्वेता रस्तोगी एक और फैंटेसी शो बालवीर 3' कर रही हैं। श्वेता ने बालवीर 3' का हिस्सा बनने और टीवी पर एक ही शैली की प्रस्तुति अब तक समय के साथ कैसे बदल गई है, इस बारे में साझा करते हुए कहा, अलिफ लैला' से लेकर बालवीर' तक इंडस्ट्री बहुत बदल गई है। फैंटेसी शो वर्षों से टीवी का प्रमुख हिस्सा रहे हैं, लेकिन मैं कहूंगी कि कल्पनाशील भावना और जिस तरह से चीजों को स्क्रीन पर पेश किया जाता है वह पूरी तरह से बदल गया है। प्रौद्योगिकी और उन्नति के कारण फैंटेसी शो निश्चित रूप से एक पायदान ऊपर उठे हैं।अभिनेत्री ने आगे कहा कि पहले, फैंटेसी-थीम वाले शो के लिए चीजों को प्रोजेक्ट करना और निष्पादित करना एक कठिन काम था, लेकिन अब यह उतना कठिन नहीं है। पर्दे के पीछे से वीएफएक्स तक, सब कुछ बहुत बदल गया है।अभिनेत्री श्वेता रामानंद सागर के शो श्री कृष्णा' में राधा की भूमिका निभाने के लिए लोकप्रिय हैं। अभिनेत्री ने खुदगर्ज', खून भरी मांग', परिंदा' और किशन कन्हैया' जैसी फिल्मों में भी काम किया। वह केसर', पलकों की छांव में', वो रहने वाली महलों की' जैसे टीवी शो का भी हिस्सा थीं।एक बार फिर फैंटेसी ड्रामा का हिस्सा बनने के बारे में बात करते हुए, श्वेता ने कहा कि एक अभिनेत्री होने के नाते, मैं हमेशा चुनौतीपूर्ण और अनूठी भूमिकाएं करना चाहती हूं जो मुझे अपनी क्षमताओं के साथ प्रयोग करने का मौका प्रदान करें। और बालवीर' एक ऐसा ही शो है। मैं फैंटेसी शो करने को लेकर काफी उत्साहित हूं और निजी तौर पर मुझे भी उन्हें देखने में मजा आता है।

# लेकिन अभिनय अचानक हो गया - मेघा चक्रवर्ती

अभिनेत्री मेघा चक्रवर्ती, जो वर्तमान में टेलीविजन शो इमली में मुख्य भूमिका निभा रही हैं, उन्होंने साझा किया कि उन्हें डांस में अधिक रुचि थी और अभिनय उनके दिमाग में कभी नहीं था, लेकिन यह अचानक हुआ। उन्होंने कहा- मैं एक डांसर बनना चाहती थी, लेकिन अभिनय अचानक हो गया। मैंने अभी-अभी एक ऑडिशन में अपना शॉट दिया और सेलेक्ट हो गया.. और फिर मेरा सफर शुरू हो गया।शो के सफल होने और इमली के रूप में सुम्बुल तौकीर से संबंधित दर्शकों के शो में शामिल होने के बारे में बात करते हुए, मेघा ने कहा कि उस पर अपनी जगह बनाने का बहुत दबाव था। जैसा कि उन्होंने कहा- निश्चित रूप से क्योंकि इमली पहले से ही हिट थी। निर्माता कहानी में कुछ बदलाव चाहते थे और यह इमली को पहले की तरह बनाए रखने और टीआरपी बनाए रखने का दबाव था। मैं दर्शकों को खुश रखने की कोशिश कर रही हूं और हम एक नई टीम के रूप में अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश कर रहे हैं।बड़ी देवरानी, कृष्णा चली लंदन जैसे शो कर चुकीं मेघा ने कहा कि इंडस्ट्री में बहुत प्रतिस्पर्धा है और सफलता हासिल करना आसान नहीं है। उन्होंने कहा, हर क्षेत्र में गलाकाट प्रतिस्पर्धा है। आपको कई बार अस्वीकृति का सामना करना पड़ता है और कभी-कभी आप कारणों को नहीं समझ पाते। यह सब हमारे काम का हिस्सा है। इस इंडस्ट्री में भी नेपोटिज्म है और कुछ लोगों को आसानी से जॉब मिल जाती है। लेकिन बाद में , उन्हें अपनी ताकत भी साबित करनी होगी। उनके लिए भूमिका पाना आसान है और बाद में, प्रतिभा का प्रदर्शन उन पर निर्भर करता है।हम जैसे लोग, जो इंडस्ट्री से नहीं हैं, कम कॉन्टैक्ट्स की वजह से पैर जमाने में मुश्किल होती है। टीवी में भी बहुत प्रतिस्पर्धा है लेकिन नए लोगों को भी मौका दिया जाता है इसलिए यह एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा है। लंबे समय तक टिके रहने के लिए प्रतिभावान होना जरूरी है।मेघा, जो एक बहुत अच्छी डांसर हैं, शाहरुख खान की बहुत बड़ी फैन हैं। उन्होंने कहा, शाहरुख खान ने हमेशा मुझे प्रेरित किया है और मैं उनके काम की बहुत बड़ी प्रशंसक हूं। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं एक अभिनेता बनूंगी, लेकिन जब से मैं बनी हूं, मैं हमेशा उनसे सीखना चाहती हूं। मैं शाहरुख खान का हर इंटरव्यू देखती हूं और इससे मुझे काफी प्रेरणा मिलती है। वह जिस तरह से बोलते हैं, उसकी आंखों में एक चमक है जिसे आप नजरअंदाज नहीं कर सकते।अपनी पूरी यात्रा के बारे में बात करते हुए मेघा ने कहा, यात्रा बहुत अच्छी रही है। उतार-चढ़ाव हर किसी के करियर में होते हैं, लेकिन मैं खुशकिस्मत हूं कि चीजें बहुत अच्छी चल रही हैं और मैं अपने काम का आनंद ले रही हूं।



# मुझे अलग-अलग शैलियों और कहानियों के साथ एक्सपेरिमेंट करना पसंद है : रेवती

जानी-मानी एक्ट्रेस और निर्देशक रेवती रोमांटिक फैंटेसी थ्रिलर टूथ परी- व्हेन लव बाइट्स में वैम्पायर के खिलाफ एक समूह की शासक लूना लुका की भूमिका निभा रही है। अपने रोल को लेकर उन्होंने खुलकर बात की। रेवती ने कहा कि इस किरदार को हां करने से पहले, उन्होंने काफी समय लिया क्योंकि यह उनके लिए पूरी तरह से नया है। हालांकि, वह हमेशा अलग-अलग शैलियों और कहानियों के साथ एक्सपेरिमेंट करना पसंद करती हैं।वेब सीरीज में शांतनु माहेश्वरी एक डेंटिस्ट रॉय की भूमिका में हैं, जो तान्या मानिकतला द्वारा अभिनीत एक



वैम्पायर रूमी के प्यार में पड़ जाता है।एक सीरीज का हिस्सा होने और पूरी तरह से एक नई शैली के बारे में बात करते हुए, 56 वर्षीय एक्ट्रेस ने कहा- मैंने जो भी प्रोजेक्ट चुना है उसके पीछे हमेशा बहुत सोच-विचार किया है। टूथ परी- व्हेन लव बाइट्स की कहानी सुनी तो मुझे इसमें एक ऐसी शैली दिखी, जिस पर मैंने पहले कभी गौर नहीं किया था। यह कोई सामान्य रोजमर्रा की कहानी नहीं थी, बल्कि कुछ नया था, जिसे हमारे निर्देशक प्रतिम दासगुप्ता ने कोलकाता में सोचा और प्लॉट किया।रेवती तमिल, मलयालम, तेलुगु, हिंदी और कन्नड़ सिनेमा में अपने काम के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने 1983 में तमिल फिल्म मन वसानई से अभिनय की शुरूआत की। उन्होंने रजनीकांत और कमल हासन जैसे दक्षिण के सुपरस्टार के साथ काम किया। उन्होंने 1991 की रोमांटिक फिल्म लव में बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के साथ भी काम किया। पिछले साल उन्होंने अपने निर्देशन में बनी फिल्म सलाम वेंकी में काजोल को कास्ट किया। उन्होंने कहा कि वह हमेशा विभिन्न शैलियों और चुनौतीपूर्ण विषयों के साथ एक्सपेरिमेट करना पसंद करती हैं।उन्होंने कहा, नए और असामान्य फॉर्मेट्स की खोज करना एक चुनौती है जिसे मैं करना पसंद करती हूं। सीरीज में, मैंने एक ऐसी भूमिका निभाई है, जो दृढ़ इच्छाशक्ति, अपने विश्वासों में मजबूत और सभी बाधाओं से लडने् के लिए तैयार है। मुझे इस तरह की अच्छी तरह से गढ़ी गई भूमिकाएं निभाना पसंद है।

# अनुज और अनुपमा को दूर करने का हर प्रयास करेगी बरखा

अनुपमा सीरियल में इन दिनों लगातार इमोशनल ड्रामा चल रहा है, जिसे देखकर फैंस का भी दिल टूट गया है, फैंस भी चाहते हैं कि जल्द से जल्द अनुज और अनुपमा एक हो जाए लेकिन बरखा बिल्कुल ये नहीं चाहती है। सीरियल में इन दिनों माया और बरखा अनुपमा की विलेन बनी हुई हैं, ये दोनों नहीं चाहती हैं कि अनुज दूबार कभी अनुपमा की जिंदगी में वापस आए, हालांकि कुदरत को कुछ और ही मंजूर है वह चाहता है कि अनज और अनुपमा एक बार फिर एक हो जाएं। बता दें कि आगे कि सीरियल में दिखाया जाएगा कि अंकुश अनुज को समझाने की कोशिश करता है कि वह वापस आ जाए और अनुपमा के साथ





खुशी-खुशी अपनी जिंदगी बिताए , हालांकि बरखा कैबिन में अनुज के अकेले नहीं छोड़ती है, वह भी साथ में जाती है मिलने के लिए लेकिन जैसे ही अंकुश को मौका मिलता है वह अनुपमा को समझाने की कोशिश करता है। इस बीच बरखा को अकुंश की बात समझ आ जाती है और वह कहती है कि वह दोनों एक दूसरे से दूर ही ठीक है, वह अंकुश और अनुज को समझाने की कोशिश करती है. वह इसी बीच कहती है कि तुमने अनुपमा को बहुत कुछ कहा है वह अपनी जिंदगी में खुश है, वह मूव ऑन कर चुकी है।

# बेहद खूबसूरत हैं बादशाह की जीएफ ईशा रिखी

## बोल्डनेस में भी बड़ी-बड़ी एक्ट्रेस को देती हैं मात

रैपर बादशाह और पंजाबी इंडस्ट्री की खूबसूरत एक्ट्रेस ईशा रिखी की शादी की खबरें इन दिनों सोशल मीडिया पर काफी चर्चाएं बटौर रही हैं। हालांकि बादशाह ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए फैंस को बताया की ये महज अफवाह है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ईशा रिखी की कुछ ग्लैमरस तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं जिसमें उनकी हॉटनेस के आगे बॉलीवुड की अभिनेत्रियां भी फेल हैं। पंजाबी इंडस्ट्री की खूबसूरत एक्ट्रेस ईशा रिखी इन दिनों सोशल मीडिया पर अपने ग्लैमरस लुक्स के कारण लाइमलाइट में हैं। हाल ही में उनकी कुछ लेटेस्ट स्टाइलिश आउटफिट में फोटोज इंटरनेट पर तहलका मचा रही हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस की हॉटनेस के आगे बॉलीवुड की बड़ी-बड़ी हसीनाएं भी फेल हैं। उनका हर अंदाज फैंस के बीच ट्रेंड करता हैं। ईशा आए दिन अपनी हॉट



और सिजलिंग तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। एक्ट्रेस की सोशल मीडिया पर फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी अच्छी-खासी है और वो इंस्टाग्राम पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। बता दें कि ईशा रिखी का जन्म 9 सितंबर 1993 को पंजाब के चंदीगढ़ में हुआ था। ईशा के परिवार में उनकी मां एक भाई और एक बहन हैं। जब एक्ट्रेस छोटी थी तब ही उनके पिता का देहांत हो गया था। एक्ट्रेस की स्कूलिंग चंदीगढ़ के शिशु निकेतन मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल से हुई है। उन्होंने अपनी बैचलर डिग्री चंदीगढ़ के पंजाब विश्वविद्यालय से हासिल की है। ईशा ने अपने करियर की शुरुआत साल 2013 में सिप्पी गिल, सांवल गिल, ओम पुरी स्टारर मूवी जट्ट बॉयज पुट जट्टन दे से सिल्वर स्क्रीन पर की थी। बता दें कि एक्ट्रेस इसके अलावा भी कई पंजाबी मूवी में काम कर चुकीं हैं।

# सलमान खान और संजय दत्त संग काम करने के लिए मैने सब छोड़ दिया:पलक तिवारी

टीवी की जानी-मानी अदाकारा श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी की पहली बॉलीवुड फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। वह सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान के जरिए बॉलीवुड में अभिनय करियर की शुरुआत करने वाली हैं। इसके अलावा पलक, संजय दत्त की फिल्म द वर्जिन ट्री में दिखेंगी। हाल ही में पलक ने सलमान और संजय के साथ काम करने को लेकर अपनी चाहत पर बात की। आइए जानते हैं उन्होंने क्या कहा। पलक ने कहा, जब करियर की शुरुआत में सलमान और संजय जैसे बड़े कलाकारों के साथ काम करने का मौका मिलता है तो आप वो मौका गंवा नहीं सकते। मुझे फर्क नहीं पड़ता कि फिल्म में मेरा किरदार कितने मिनट का है या इसमें कितने नामचीन कलाकार हैं? उन्होंने कहा, मुझसे सलमान सर ने एक बात कही है कि स्क्रीन पर कितने लोग हैं, उसकी चिंता मत करो। काम ऐसा करो कि तुम हजारों के बीच चमको।

# थाई हाई स्लिट आउटफिट में तेजस्वी प्रकाश ने गिराई हुस्न की बिजलियां

## फोटो ने बढ़ाई फैंस की धड़कनें

एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश अपनी खूबसूरती और बोल्डनेस से फैंस के दिलों को बेकरार करने का हुनर बखूबी जानती हैं। उनकी तस्वीरें फैंस के दिलों को बेताब किए रहती हैं। वहीं, एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश ने थाई हाई स्लिट में अपनी टोंड लेग्स फ्लॉन्ट की है। एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश ने येलो कलर की थाई हाई स्लिट आउटफिट में अपनी ग्लैमरस तस्वीरों से सोशल मीडिया पर धमाल मचा रही हैं। तेजस्वी प्रकाश ने ओपन हेयर स्टाइल के साथ लाइट मेकअप में बेहद ही स्टनिंग लग रही हैं। एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश ब्लू कलर के इयरिंग्स के साथ हाथों में भी रिंग्स और छल्ले पहने नजर आ रही हैं। लॉन्ग गाउन में एक्ट्रेस अपनी टोंड लेग्स फ्लॉन्ट कर रही हैं। उनकी तस्वीरें



देखकर फैंस आहें भरने को मजबूर हैं। इन तस्वीरों में तेजस्वी बेहद ही स्टनिंग पोज देती नजर आ रही हैं। वहीं, एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश ने अपनी कातिलाना अदाओं से सोशल मीडिया पर कहर बरपाती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने बेहद ही स्टाइलिश अंदाज में कई फोटोशूट करवाए, जो फैंस को काफी पसंद आ रहे हैं। तेजस्वी प्रकाश की हॉटनेस और ग्लैमर से पानी में आग लगाने का काम कर रही हैं। तेजस्वी प्रकाश एक्टर करण कुंद्रा के साथ रिलेशनशिप को लेकर काफी चर्चाओं में रहती हैं। तेजस्वी के फैन फॉलोइंग की बात करें तो उनके इंस्टाग्राम पर 6.7 मिलियन फॉलोवर्स हैं।

# यातायात जागरूकता अभियान के तहत घाटीगाँव पुलिस की अनोखी जागरूकता

रहीश भैया

**हेलमेट धारकों को गोल्डन ट्रॉफी, पत्नी बहन बेटी के नाम प्रशंसा पत्र व नगद ईनाम देकर किया सम्मानित**

**बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले चालकों के काटे चालान व हाथ में गंगाजल रख हेलमेट लगाने की दिलाई शपथ।**

**घाटीगांव पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन करने की आमजन से की अपील।**





**ग्वालियर** पुलिस अधीक्षक ग्वालियर राजेश सिंह चंदेल, के निर्देशन में यातायात जागरूकता सप्ताह के तहत सम्पूर्ण जिले में कार्यवाही की जा रही हैं और आमजन को वाहन चलाते वक्त सुरक्षित रहने के लिए जागरूक किया जा रहा है। घाटीगाँव अनुभाग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयराज कुबेर के मार्गदर्शन में घाटीगाँव एसडीओपी संतोष पटेल व थाना प्रभारी घाटीगांव शैलेन्द्र सिंह द्वारा शाम 05 बजे से 08 बजे तक वाहन चेकिंग लगाई गई।यातायात जागरूकता सप्ताह के तहत की गई वाहन चेकिंग के दौरान हेलमेट लगाकर मोटरसाइकिल चलाने वाले नागरिकों को पुलिस द्वारा गोल्डन ट्रॉफी, पत्नी बहन बेटी के नाम प्रशंसा पत्र व नगद ईनाम देकर सम्मानित किया गया ताकि इसे देखकर अन्य लोग भी हेलमेट लगाने के लिए प्रेरित हों। इसके अलावा जो यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए मिले उन्हें रोककर चालान काटा जाकर उन्हें हाथ मे गंगाजल देकर हेलमेट लगाने की शपथ दिलाई। ईनाम पाने वाले बहुत खुश नजर आ रहे थे और बहन बेटी ने प्रशंसा पत्र पडकर अत्यधिक प्रसन्न होती दिखी। चेकिंग के दौरान एक वाहन चालक टूटी हुई हेलमेट पहने हुए था जिसे चेकिंग कर रहे पुलिस अधिकारियों ने नगद ईनाम देकर नई हेलमेट खरीदने के लिए समझाइश दी। उक्त कार्यवाही के दौरान घाटीगाँव थाने का पुलिस स्टाफ व एसडीओपी घाटीगाँव का स्टाफ मौजूद रहा।चेकिंग के दौरान पुलिस स्टॉफ द्वारा लोगों को समझाया गया कि सडक दुर्घटनाओं में घटित होने वाली मृत्यु दर में अधिकांश लोगों की मृत्यु सिर में चोट लगने के कारण होती है। यदि वाहन चालक दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करें तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट का उपयोग करें, तो सडक दुर्घटनाओ में होने वाली मृत्यु दर को काफी कम किया जा सकता है।

# मेयर इन कांउसिल की बैठक में लिए अनेक निर्णय

**ग्वालियर ।** मेयर इन कांउसिल की बैठक महापौर डॉ.शोभा सतीश सिंह सिकरवार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में शहर विकास से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में मेयर इन कांउसिल सदस्य अवधेश कौरव, स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग, नाथूराम ठेकेदार, राजस्व विभाग, सुनीता अरूणेश कुशवाह, लोक निर्माण, उद्यान विभाग, श्रीमती आशा सुरेन्द्र चौहान, जलकार्य तथा सीवरेज विभाग एवं नगर निगम आयुक्त हर्ष सिंह, अपर आयुक्त आरके श्रीवास्तव, मुकुल गुप्ता, अपर आयुक्त वित्त रजनी शुक्ला, उपायुक्त अमर सत्य गुप्ता सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।बाल भवन स्थित टीएलसी में आयोजित बैठक में फायर ब्रिगेड विभाग में कार्यरत समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का मेडीकल दुर्घटना समूह बीमा कराये जाने एवं उक्त न्यूनतम दरदाता बीमा कम्पनी की दरें स्वीकृति के सम्बन्ध में प्राप्त निगमायुक्त के प्रतिवेदन पर चर्चा उपरांत प्रस्ताव की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके साथ ही नगर निगम ग्वालियर के विभिन्न विभागों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों पर आउटसोर्स द्वारा सफाई श्रमिकों से आगे कार्य कराये जाने हेतु सेंगर सिक्योरिटी एजेन्सी की कार्य अवधि आगामी 03 माह (दिनांक 01.04.2023 से 30.06.2023 तक ब?ाये जाने एवं उस पर आने वाले व्यय की वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में प्राप्त निगमायुक्त के प्रतिवेदन पर चर्चा उपरांत नई टेंडर प्रक्रिया करें तब तक अक्टूबर 2023 तक एजेंसी की कार्य अवधि बडाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गई। ई.डब्ल्यू. एस. (मलिन बस्ती) आवासीय इकाईयों के 24 हितग्राहियों के पंजीयन निरस्त करने के सम्बन्ध में सम्पदा अधिकारी, नगर निगम, ग्वालियर का पत्र क्रमांक 150/18/2/10/हा.सै./23/132 से प्राप्त निगमायुक्त के प्रतिवेदन पर चर्चा उपरांत स्वीकृति प्रदान की गई। इसके साथ ही बालभवन, कैप्टन रूपसिंह स्टेडियम परिसर में निर्मित बैम्बू रेस्टोरेन्ट को मासिक लायसेंस शुल्क पर आवंटन किये जाने के सम्बन्ध में निगमायुक्त के प्राप्त प्रतिवेदन पर चर्चा उपरांत स्वीकृति प्रदान की गई। इसके साथ ही वर्तमान पार्षदों के स्वास्थ्य बीमा कराने का प्रस्ताव तैयार कराने के निर्देश दिए। साथ ही महापौर डॉ. सिकरवार की अध्यक्षता में अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई।



# निगमायुक्त ने पार्षदों के साथ किया वार्ड का निरीक्षण, दिए निर्देश



**ग्वालियर ।** नगर निगम आयुक्त हर्ष सिंह ने वार्ड क्रमांक 3 व 4 के पार्षदों के साथ क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान निगमायुक्त को वार्ड क्रमांक 3 में पार्क में गंदगी मिली जिसे लेकर निगमायुक्त ने तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए। इस दौरान पार्को को और अधिक बेहतर बनाने के निर्देश निगमायुक्त ने दिए है।

नगर निगम आयुक्त हर्ष सिंह ने संत कृपाल सिंह आश्रम के पास से निरीक्षण किया इस दौरान पार्षद श्रीमती मंजू दिग्विजय सिंह राजपूत मौजूद थे। इस दौरान पार्षद ने निगमायुक्त को वार्ड का निरीक्षण कराया जिसमें अधिकांश स्थल, कालोनियों में सफाई मिली। पानी की टंकी पर पुराने पार्क में गंदगी मिली जिसे निगमायुक्त ने तत्काल साफ कर पार्क को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इसके बाद वार्ड क्रमांक 4 का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पार्षद श्रीमती रेखा चंदन राय मौजूद थीं। इस दौरान वहां पर भी सफाई मिली। कुछ कर्मचारी अनुपस्थित मिले, निगमायुक्त ने निर्देश दिया है कि सभी अनुपस्थित कर्मचारियों से फोन कर उनके नहीं आने का कारण पूछो। इसके बाद विनय नगर सेक्टर 4 में पार्क का निरीक्षण कर वहां पर और अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके बाद आनंद नगर में बडा पार्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उपायुक्त अमरसत्य गुप्ता, एचओ श्री वैभव श्रीवास्तव, पार्क अधीक्षक महेंद्र प्रसाद अग्रवाल, मुकेश बंसल आदि मौजूद थे।

# संभागीय आयुक्त ने गूगल मीट के माध्यम से की स्वच्छता अभियान की मीक्षा



**ग्वालियर।** सम्पूर्ण देश में स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के तहत हर शहर स्वच्छता रैंकिंग में बेहतर स्थान पाने के लिए विशेष प्रयास कर रहा हैं। ग्वालियर चम्बल संभाग में भी सभी जिले स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए हर संभव प्रयास करें। सभागीय आयुक्त दीपक सिंह ने गूगल मीट के माध्यम से ग्वालियर चम्बल संभाग के सभी जिलो में स्वच्छता के कार्य के संबंध में समीक्षा की और आधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।संभागीय आयुक्त दीपक सिंह ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण के कार्य में नगरीय निकाय के साथ जिला प्रशासन के अधिकारी भी विशेष प्रयास करे। सर्वेक्षण के निर्धारित 9 हजार 500 अंकों में अधिक से अधिक अंक मिले इसके लिए विशेष प्रयास किये जाए। उन्होनें ने कहा कि स्वच्छता अभियान को स्वच्छता कार्य को जन आंदोलन बनाने का कार्य किया जाये। इस अभियान में न केवल शासकीय तंत्र बल्कि सभी जनप्रतिनिधि और जिले का हर नागरिक इस अभियान में भागीदार बने ऐसे सार्थक प्रयास किये जाए।संभागीय आयुक्त सिंह ने कहा कि जिले में स्वच्छ वार्ड, स्वच्छ कार्यालय, स्वच्छ स्कूल, स्वच्छ आंगनबाडी, आदि की भी प्रतियोगिता कराई जाए और जो सबसे अच्छा हो उसे पुरूस्कृत भी किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि स्वच्छता अभियान के तहत किये जा रहे कार्य की निरतंर मॉनिटरींग की जाए। गूगल मीट के माध्यम से की गई समीक्षा के दौरान जिले के आधिकारियों ने अपने-अपने जिले में किये जा रहे कार्यो के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

# हार्डवेयर की दुकान के पीछे बने गोदाम में आग लगी, एक एक्टिवा भी जली

**ग्वालियर।** ग्वालियर में बुधवार-गुरुवार दरमियानी रात एक हार्डवेयर की दुकान के पीछे बने गोदाम में अचानक आग लग गई। आग की लपटों में गोदाम के बगल से बने तीन कमरों को भी अपनी चपेट में ले लिया जिससे उनमें रखा गृहस्ती का सामान भी जलकर राख हो गया। पता चला है कि गोदाम में एक करोड़ रुपए का हार्डवेयर का माल भरा हुआ था। दुकानदार के परिवार ने छत के रास्ते दूसरे मकान की छत पर कूदकर अपनी जान बचा ली। वही दुकानदार ने तत्काल आग सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पर फायर ब्रिगेड की एक दर्जन से अधिक गा?िया मौके पर पहुंची और गोदाम व कमरों में लग रही आग पर पानी डालकर काबू पा लिया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट होना बताया जा रहा है/दौलतगंज नागदेव मंदिर के पास स्थित के पास रहने वाले अंकित अग्रवाल के हार्डवेयर के गोदाम व कमरों में बुधवार गुरुवार दरमियानी रात करीब ढाई बजे अचानक भीषण आग लग गई। वही गोदाम में प्लास्टिक की रस्सी, पाइप और अन्य हार्डवेयर सामान जलकर राख हो गया। बता दें कि अंकित अग्रवाल का 2 मंजिला मकान है जिसमें ग्राउंड फ्लोर पर पूजा हार्डवेयर नाम से दुकान व पीछे की तरफ रहने के लिए तीन कमरे और हार्डवेयर का सामान रखने के लिए एक गोदाम बना हुआ है और दूसरी मंजिल पर पूजा किचन गैलरी बनी हुई है। कमरों के बगल से बने गोदाम में हार्डवेयर का एक करो? का माल भरा हुआ था। वही आग लगते ही अंकित अग्रवाल सहित पूरा परिवार सुरक्षित घर की छत के रास्ते पड़ोसी के घर की छत पर कूदकर समय रहते अपनी जान बचा ली नहीं तो एक बड़ा हादसा भी हो सकता था। दुकान के मालिक अंकित अग्रवाल ने अपने परिवार की जान बचाने के बाद तत्काल आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड दमकल को दी। सूचना लगता ही फायर ब्रिगेड की 4 गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आज ज्यादा लगी हुई थी इसलिए फायर ब्रिगेड कर्मियों ने कंट्रोल रूम फोन लाकर 11 गाड़ी और मंगाई गई जिसके बाद 4 घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। इस आग में गोदाम में रखी एक एक्टिवा गाड़ी की जल गई।



दुकानदार अंकित अग्रवाल का कहना है कि किसी गोदाम में लगे बिजली के बोर्ड में शॉर्ट सर्किट हुआ होगा जिससे यह आग लगी है। फायर ब्रिगेड के अधिकारी अतिबल सिंह यादव ने बताया कि अंकित अग्रवाल के हार्डवेयर के गोदाम और 4 कमरों में आग भड़क गई है। फायर ब्रिगेड की 4 गाड़ियां मौके पर पहुंची थी। पानी की खत्म होने कारण आग एक बार फिर भड़क गई थी, जिसके लिए फायर ब्रिगेड की 11 गाड़ियां मंगाकर आग पर काबू पा लिया है। इस आग में गोदाम सहित कमरों में रखा करीब एक करोड़ों का माल जलकर राख हो गया है,आग लगने का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। फिलहाल इस आग में कोई जनहानि नहीं हुई है।

# सभी विभागों के आधिकारी आईटी फैंडली बनें : कलेक्टर



**ग्वालियर ।** वर्तमान डिजिटल दौर में कम्प्यूटर व आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) का ज्ञान होना जरूरी हैं। इसके बिना हम अपने दायित्वों का निर्वहन ठीक ढंग से नहीं कर पाएँगे। इसलिए सभी अधिकारी आईटी फ्रेंडली बनें। इस आशय के निर्देश कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने विभिन्न विभागों की संयुक्त समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने ई-गवर्नेंस मैनेजर को ई-दक्ष केन्द्र के माध्यम से अधिकारियों को आईटी का बुनियादी प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। गुरूवार को यहाँ जिला पंचायात के सभागार में आयोजित हुई बैठक में कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि ई-दक्ष केन्द्र में प्रशिक्षण सत्र आयोजित कर विभागीय आधिकारियों को ई-ऑफिस प्रणाली, एमएस वर्ड व एक्सेल, पीपीटी तैयार करना, ई-मेल, फाइल सेन्ड करना इत्यादि का प्रशिक्षण दिलाएँ। उन्होंने कहा कि शासकीय दायित्वों के निर्वहन के साथ-साथ अपनी रोजमर्रा कि जिंदगीं में डिजिटल ज्ञान के बिना हम आगे नहीं बढ सकते।कलेक्टर सिंह ने जिन कार्यालयों में जगह उपलब्ध हैं वहाँ पर आधार पंजीयन केन्द्र खोलने के निर्देश भी ई-गवर्नेंस प्रबंधक को दिए। साथ कार्यपालन यंत्री ईएंडएम, क्षेत्रीय परिवहन आधिकारी व संबंधित विभागों के कार्यालय प्रमुखों को हिदायत दी कि बेकार हो चुके वाहनों को कंडम घोषित कराऐं। उन्होनें उप संचालक रोजगार को निर्देश दिए कि रोजगार कार्यालय को आत्म निर्भर मध्य प्रदेश की अवधारणा को पूरा करने का माध्यम बनाएँ। अर्थात लगातार रोजगार और स्वरोजगार मूलक गतिविधिया आयोजित कर युवाओं को निजी कंपनियों में नौकरी और शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत स्वरोजगार के लिए बैंकों के जरिए ऋण- अनुदान दिलाने में मदद करें। बैठक में जिला पंजीयक को अचल संपत्ति पंजीयन की नई गाइड लाइन की त्रुटियों को सुधारने के निर्देश दिए। सहायक आयुक्त श्रम को जिले में अभियान बतौर बाल श्रमिकों का पता लगाकर उन्हें स्कूलों में भर्ती कराने और शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए गए। बैठक में परिवहन, नाप-तौल सौर ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा एवं ईएंडएम की गतिविधियों की भी समीक्षा हुई।कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने समीक्षा बैठक में जानकरी दी कि राज्य शासन के दिशा-निर्देशो के तहत 10 मई से 25 मई तक ÷मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान÷ के द्वितीय चरण का आयोजन होगा। इस अभियान को सभी अधिकारी पूरी गंभीरता से ले और समस्त गतिविधियों को प्रभावी ढंग से अंजाम दें।

# देवभोगद्धदेवभोग आत्मानंद स्कूल का परीक्षा परिणाम 98.88त्न रहा। परीक्षा परिणाम पा कर योजना से अभिभूत पलको ने कहा महंगे निजी स्कूल में पढ़ाने का सपना सरकारी योजना से साकार हो रहा

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

देवभोग में संचालित स्वामी आत्मानंद स्कूल का परीक्षा परिणाम बुधवार को प्राचार्य गिरीश चंद्र बेहेरा ने घोषित किया है।स्कूल में 451 की दर्ज संख्या थी,जिसमे 449 ने परीक्षा में भाग लिया था,इनमे से 444 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए है।प्राचार्य बेहेरा ने पालको की मौजूदगी में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों में से प्रत्येक कक्षा के टॉप 3 छात्रों को अंक सूची का वितरण कर छात्र व पालकों को बधाई दिया।टॉपर में ज्यादातर बेटियो के नामद्ग कक्षा पहली में पूर्वांश साहू 92.90त्न,आशीष सतपथी 89.89त्न,अभिरसा पात्र 88.60त्न, कक्षा दूसरी में आद्या साहू 94.19त्न,फत्तेराम नायक 92.90त्न,ख्याति सिन्हा 86.67त्न, कक्षा तीसरी में रेशमी ध्रुव 95.96त्न,पायल पाटकर 93.54त्न, धवलांगी टाडिल्य 90.96त्न,कक्षा चौथी में मुहूर्त 92त्न,आकृति यादव 89त्न,नम्रता नेताम 87त्न,कक्षा पांचवी में भाग्यश्री सानां 95त्न,कुलेश यादव,सुमन




चक्रधारी 94त्न,माधवी सिन्हा 92त्न,कक्षा छठवां म रौनक दवागन 93त्न,राधाकात 92त्न, चैतन नागेश 91त्न,कक्षा सातवी में नागेंद्र नागेश 97त्न,घृतश्री सिन्हा 95त्न, दामिनी बघेल 92त्न,कक्षा आठवीं में वर्षा दीवान 85त्न,झरना रानी 93त्न,हर्षकांत कश्यप 81त्न, कक्षा नवमी में सक्षम मिश्रा 89त्न,रजनीश बीसी 86त्न एंव शिवांश मिश्रा 84त्न अंक अर्जित कर टॉप थ्री में शामिल हुए।पालक बोले बच्चो की अध्यायन कुशलता बढ़ीद्ध बच्चो के परिणाम लेने पहूचे सभी पालकों के चेहरे में बच्चो की सफलता की मुस्कान झलक रही थी। पालक योगेंद्र यदु,रोशन टाडिल्य,चंचल सिन्हा समेत सभी ने कहा की अब हमारे बच्चो को महंगे प्राइवेट स्कूल के तर्ज पर शिक्षण सुविधा मिल रहा है,पहले की तुलना में बच्चो के अध्यापन कौशल में बढ़ोतरी हुआ है।पालक समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम पात्र एवम पालकों ने इसके लिए संस्था के अलावा सरकार के प्रति आभार प्रकट किया है।पालकों ने कहा की सीएम भूपेश की यह योजना ग्रामीण क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगी

## शहर का विकास व प्रगति मेरा लक्ष्यः महापौर

वालियर। महापौर डॉ. श्रीमती शोभा सतीश सिकरवार ने कहा है कि शहर का विकास व प्रगति मेरा लक्ष्य है और जन आकांक्षाओं को दृष्टि रखते हुये विकास कार्यों को गति देने का काम किया जा रहा है। महापौर डॉ. सिकरवार आज वार्ड क्रमांक 60 के सिंधिया नगर में सीमेन्ट कॉक्रींट स?कों के निर्माण के लिये आयोजित कार्यक्रम में जनसमुदाय को संबोधित कर रही थीं। यह कार्य महापौर निधि 46 लाख 21 हजार 126 रूपये की लागत से किया जायेगा। इस मौके पर विधायक डॉ. सतीश सिकरवार एवं अन्य जनप्रतिनिधि व क्षेत्रीय जनता मौजूद रही। क्षेत्रीय जनता ने महापौर एवं विधायक का पुष्?पहार पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये महापौर डॉ. शोभा सिकरवार ने कहा कि लम्बे समय से इस क्षेत्र के नागरिक स?क निर्माण की मांग कर रहे थे। जनता की मांग को देखते हुये आज स?क निर्माण के लिये भूमिपूजन किया गया है, हम शहर के समग्र विकास के लिये कृत संक्लपित है और इस दिशा में जन भावनाओं के अनुरूप काम को तेजी से गति दे रहे है। शहर में आम आदमी को शुद्ध पेयजल मिले, स्वच्छता रहे, इस पर भी निगम प्रशासन तत्परता से काम कर रहा है और हम इन कार्यो पर नजर बनाये रखते है। इस मौके पर विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सकारात्मक रूप से विकास व प्रगति के कार्यों को जनभावनाओं के अनुरूप करती है और करती रहेगी। स?क से विधानसभा तक जनता की भलाई के लिये संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि विकास व प्रगति में बाधक भाजपा विकास कार्यों में अवरूद्ध पैदा करने का काम करती है, लेकिन कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता जनता की भलाई के लिये अपना खून-पसीना बहाता रहेगा।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478